5 o'clock. I will read out the time available to different parties. The Congress Party has one hour and fifty-seven minutes and 13 speakers. ...*(Inerruptions)*... There shall be no grace period. The BJP has 11 minutes and two speakers. The CPI (M) has no time left. The AIADMK has six minutes and one speaker. The JDU has four minutes and two speakers. The CPI has no time left and has one speaker. Nominated Members have 14 minutes and four speakers. Others have one hour and forty minutes and 14 speakers. ...*(Interruptions)*... मैं बताता हूं, आप ठहरिए। The Samajwadi Party has six minutes and three speakers. So, the parties that have been given more time have four hours and twelve minutes. ...*(Interruptions)*... मंत्री का समय अलग है, मैं उसको निकालकर ही बोल रहा हूं। हमारे पास BSP का कोई नाम नहीं है। Name cannot be given just at any time. Now, I would request hon. Members to kindly not exceed the time allotted to them because they would be taking up others' time. I would request parties that have been given more time to accommodate those who have not been given much time. But there, only one speaker would be allowed. If they have no time left, the only grace allowed would be that one person would be allowed to speak. ...*(Interruptions)*... The reply is at 5'o clock. श्री प्रभात झा।

डा. (श्रीमती) नजमा ए. हेपतुल्ला (राजस्थान): जो लोग बोल नहीं पाते हैं, ...(**व्यवधान**)... जैसे लोक सभा में होता है कि वे अपने भाषण को ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: वह रूल आपने नहीं बनाया, इसलिए हम भी फॉलो नहीं करेंगे।

———

THE BUDGET (GENERAL), 2009-10

श्री राजीव शुक्ल (महाराष्ट्र): उपसभापति महोदय, मैं आपकी अनुमति से आम बजट पर अपने विचार रखने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं सबसे पहले तो वित्त मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने हमारे सामने एक ऐसा बजट प्रस्तुत किया है, जिसने हमें न केवल विकास का रास्ता दिखाया है, बल्कि विपरीत परिस्थितियों में, समाज के हर वर्ग को कुछ न कुछ देने की कोशिश की है। आज विश्व में आर्थिक स्थिति कैसी है, पूरे विश्व में कितनी आर्थिक मंदी चल रही है, इसके बारे में सब जानते हैं। ऐसे हालात में भारत को बचाकर रखना तथा इसके बावजूद आम आदमी के लिए, गरीबों के लिए और समाज के हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ देना, मेरे ख्याल से ऐसा प्रणव बाबू जैसा अनुभवी व्यक्ति ही कर सकता था। आज से 34 साल पहले भी वे इस देश के वित्त मंत्री थे। अब 34 साल के बाद उन्हें पुनः वित्त मंत्री बनने का मौका मिला है। इस दरमियान जो उनका अनुभव था, वह इस पूरे बजट में दृष्टिगत होता है। मैं इसके लिए उनको बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। मेरे एक मित्र जो कारपोरेट वर्ल्ड से हैं, उन्होंने एक दिन कहा कि इस बजट में कारपोरेट वर्ल्ड को कुछ नहीं मिला, हमें कुछ नहीं दिया। मैंने कहा कि fringe बेनिफिट टैक्स का फायदा तो मिलेगा? उन्होंने कहा कि वह तो मिलेगा। मैंने कहा कि जो सरचार्ज इनकम टैक्स से हटाया है, उसका फायदा किसे मिलेगा? उन्होंने कहा कि वह तो मुझे मिलेगा। यह तो ठीक है कि कुछ तो मिला, लेकिन बहुत ज्यादा नहीं मिला। कुछ तो मिला, बहुत ज्यादा नहीं मिला, इसका अंतर आपको सीधे-सीधे बजट के प्रस्ताव को देखने में मिलेगा। आप यह देखिए कि प्रणब बाबू के बजट का मुख्य फोकस किस पर है, उनके बजट का मुख्य फोकस आम आदमी पर है। उनका मुख्य फोकस भारत की जनता पर है, जो गांव में रहती है, जो मध्यम वर्ग तथा

निम्न वर्ग की है या समाज के निचले स्तर पर रहती है। आज heavy borrowings है। उन्होंने चार लाख करोड़ से ज्यादा की borrowing की। यह घाटे का बजट है। यह 6 प्रतिशत से ज्यादा घाटे का बजट है, लेकिन मान्यवर, कई बार घाटे का बजट देश के विकास के लिए फायदेमंद होता है। क्योंकि इसमें इस तरह का काम होता है, जिससे आम आदमी को, समाज और देश को राहत मिलती है। आज चार लाख करोड़ से ज्यादा ऐसी योजनाओं पर खर्च किया जा रहा है। यदि हम सिर्फ ग्रामीण विकास की योजनाओं को ही देखें, तो सबसे पहले NREGA है, ...) उन्होंने नरेगा पर 144 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। अगर इसके पूरे रिकॉर्ड को देखा जाए, तो आप देखेगें कि उन्होंने किस तरह से 39,000 करोड़ से ज्यादा का प्रावधान इसके लिए किया है। इसके बजट में 144 प्रतिशत का उछाल दिया है। इसके अलावा उन्होंने हाउस होल्ड के लिए भी 4.47 करोड़ की व्यवस्था की है। मेरा वित्त मंत्री जी को एक ही सुझाव है कि नरेगा में काम के स्कोप को बढ़ाना चाहिए। अभी ज्यादातर ध्यान खुदाई और मिट्टी के कार्य पर रहता है। गांव में कई चीजें ऐसी बन सकती हैं, चाहे स्कूल बनाने का काम हो, चाहे दूसरे तमाम काम हों, अगर हॉस्पिटल्स, स्कूल्स, पंचायत घर आदि बनाने का काम भी नरेगा के अधीन लाया जाए, उसका स्कोप बढ़ाया जाए, तो मुझे लगता है कि पूरे देश के स्तर पर एक बहुत बड़ा इन्फ्रास्ट्रक्चर खड़ा हो सकता है। दूसरी बात प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की है। इसके लिए उन्होंने 12000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। मान्यवर, नरेगा एक ऐसी स्कीम है, जिसके बारे में कोई कुछ भी कहे, चाहे आलोचना की जाए या कुछ और बात हो, ऐसी कोई स्कीम नहीं है, जिसमें विकृतियां न हों, Every scheme has got some aberrations. But this is one scheme which is tangible and which is visible. You go anywhere at the grassroot level and see that people are taking advantage of this scheme. This is one scheme which should be appreciated by everybody. I think that this kind of fillip which has been given to the scheme should be appreciated by everyone. "राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना" तीसरी ऐसी योजना है, जिसका फायदा इस देश की जनता को मिल सकता है। वित्त मंत्री जी ने 7,000 करोड़ रुपए का प्रावधान इस योजना के लिए किया है। इस योजना के बारे में इतनी बात बताना चाहता हूं कि राज्य सरकारों के अधीन यह योजना होती है और राज्य सरकारें इसे लागू करती हैं, लेकिन वहां इसके कांट्रेक्ट देने में सावधानियां बरतनी होंगी। ऐसी कंपनियों को कांट्रेक्ट देने चाहिए, जो इस योजना को जल्दी से पूरा करे और आम आदमी के लिए गांव में जल्दी से जल्दी विद्युतीकरण का काम पूरा हो, जो नहीं हो पाता है। उसकी वजह यह रहती है कि कुछ राज्य सरकारें इस मामले में जितनी तेजी से काम करना चाहिए, उतनी तेजी से काम नहीं कर रही हैं। वह काम उनको उतनी तेजी से बढ़ाना चाहिए ताकि इसके लिए जरूरी टारगेट को पूरा किया जा सके। इंदिरा गांधी वृद्धावस्था पेंशन स्कीम का फायदा सभी लोग ले सकते हैं और गरीब की आंख का आंसू पोंछा जा सकता है। जितने भी लोग गरीबी रेखा से नीचे हैं, उनमें जो वृद्ध हैं, उनके लिए इस योजना का लाभ है। इसमें ढाई सौ रुपए भारत सरकार देगी और बाकी ढाई सौ रुपए का कंट्रीब्यूशन राज्य सरकार को करना होगा। जहां राज्य सरकार तत्पर है, वह अपनी तरफ से ढाई सौ रुपए का कंट्रीब्यूशन देकर अगर पांच सौ रुपए एक गरीब व्यक्ति को गांव में देती है, यदि समाज में नीचे रहने वाले व्यक्ति को पैसे मिलते हैं, तो यह उसकी जिंदगी का एक बहुत बड़ा सहारा बन जाता है। अगर उसको यह धन न मिले - इस धन की वजह से उसको परिवार के लोग भी तंग

करते रहते हैं और उसका अपना जीवन-यापन नहीं हो पाता है, तो सोचिए कि कितनी बड़ी तकलीफ एक आम आदमी के सामने पैदा हो जाती। आम आदमी के फायदे के लिए जो इस तरह के काम उन्होंने किये हैं, उसके लिए उनकी जितनी प्रशंसा की जाए, उतनी कम है। मैं एक बात यहां पर शहरी व्यक्ति के लिए भी कहूंगा। जो Jawaharlal Nehru Urban Renewal Mission है, उसके माध्यम से पिछले पांच सालों में काफी काम हुआ है। वे म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन और राज्य सरकारें उनका बहुत लाभ उठा रही हैं, जो सचमुच अपने प्रदेश के लिए, अपने शहरों के लिए कुछ करना चाहती हैं। आप जिस शहर का नाम लीजिए, वहां इस योजना के तहत पैसा दिया गया है। पिछले पांच सालों में केन्द्र सरकार ने इस मामले में कोई कोताही नहीं बरती, कोई पक्षपात नहीं किया और राज्यों को जमकर पैसा दिया। जिन राज्य सरकारों के अंदर विल पॉवर थी, जिनके अंदर इस तरह की इच्छा थी कि हम लोगों के लिए काम करें, हम देश के लिए, प्रदेश की जनता, शहरों और गांवों में रहने वाले लोगों के लिए काम करें, उन लोगों ने काम किया है और इसका लाभ लिया है। जिनके मन में इच्छा नहीं थी, जहां वे अपनी ब्यूरोक्रेसी पर कंट्रोल नहीं रख पाए, वहां यह स्थिति है कि इसका लाभ नहीं मिल पाया और वहां से आलोचना का काम चालू होता है। अगर आप देखें तो इसमें 87% का एलोकेशन बढ़ाया गया और 3,973 करोड़, 4000 करोड़ का प्रावधान Jawaharlal Nehru Urban Renewal Mission के लिए किया गया। मुझे लगता है कि अरबन इन्फ्रास्ट्रक्चर को इससे बहुत बड़ी मदद मिलेगी। शिक्षा के क्षेत्र में भी प्रणब बाबू ने अपने बजट में बहुत जबर्दस्त काम किया है और ऐसा focus देने की कोशिश की है, जिससे इस देश में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आ सकता है। इसमें मुख्य रूप से उच्च शिक्षा पर भी ध्यान दिया गया है। कल सर्व शिक्षा अभियान के बारे में में बात हो रही थी। सर्व शिक्षा अभियान एक ऐसी योजना है, जो हर गांव में दिखती है, गांवों में जहां-जहां स्कूल्स हैं, ज्यादातर सर्व शिक्षा अभियान के माध्यम से दिखती है। यह योजना नीचे तक पहुंची है। लेकिन यहां पर मेरा वित्त मंत्री जी को एक सुझाव भी होगा कि ऐसी education schemes का review निश्चित रूप से करें, जो schemes सिर्फ कागजों पर दिखती हैं। अगर ऐसी schemes का पैसा divert करके सर्व शिक्षा अभियान को भेजा जाए या उच्च शिक्षा में लगाया जाए, तो इसका लाभ मिल सकता है। इसके लिए मैं एक उदाहरण भी पेश करता हूं। सदन में सारे सम्मानित सदस्य बैठे हैं। वे हर जगह जाते हैं, पूरे देश का दौरा करते हैं, सब जगह घूमते हैं। बहुत कम सदस्य ऐसे होंगे, जिन्हें प्रौढ़ शिक्षा से पढ़ा हुआ कोई व्यक्ति मिला हो। मुझे आज तक प्रौढ़ शिक्षा में पढ़ा हुआ एक भी व्यक्ति नहीं मिला, जबकि इस योजना पर पिछले 10-20 सालों में हजारों करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। इस तरह की योजनाएं, जिनमें सिर्फ कागजों पर पैसा खर्च होता है, तमाम एनजीओज़ यह पैसा ले जाती हैं और इसके बाद वे कुछ नहीं करती हैं, ऐसी योजनाओं को बन्द करके उनका पैसा सर्व शिक्षा अभियान की तरफ divert करना चाहिए, उनका पैसा higher education की तरफ divert करना चाहिए। मैं एक छोटा सा उदाहरण देता हूं। हमारे यहां R&D का काम बहुत अच्छा हो सकता है। भारत में बहुत प्रतिभाएं हैं, बहुत talent है। यहां के लोग बाहर जाकर अमेरिका और इंग्लैंड में उसी research and development के काम में लगे हुए हैं। लेकिन हमारे यहां हमारी यूनिवर्सिटीज़ हमारे कालेजज़ में वे सुविधाएं नहीं है। अगर उसी से वह infrastructure create किया जाए, जिसमें R&D की सुविधा बढ़ाई जा सके, तो मुझे लगता है कि भारत के शिक्षा के क्षेत्र को बहुत बड़ा लाभ मिल सकता हंै। जिस तरह से कम्प्यूटर के क्षेत्र में बीपीओ का काम मिला हुआ है, जिसमें लाखों लोगों को रोज़गार मिला है, बहुत से पश्चिमी देशों के लोग अपना R&D का काम भारत shift कर सकते हैं और यह रोजगार का एक बहुत बड़ा ज़रिया बन सकता है। इस तरफ भी वित्त मंत्री जी को ध्यान देना चाहिए। ऐसी मेरी उनसे अपेक्षा है। ...(**समय की घंटी**)... सर, मैं अपने समय का ध्यान रखूंगा।

सर, मैं इसमें एक और बात रखना चाहता हूं। आज सुबह भी क्वेश्चन ऑवर में यह बात आई थी कि infrastructure के लिए हम जो पैसा दे रहे हैं, उसमें monitoring का कोई-न-कोई प्रावधान जरूर होना चाहिए। राज्य और केन्द्र सरकार के बीच तमाम योजनाएं इस वजह से अटब जाती हैं, चाहे land acquisition का मामला हो, चाहे single window clearance न हो, उनकी वजह से प्रोजेक्ट्स लटके रहते हैं। अगर infrastructure को गति देनी है, अभी एक कमेटी भी बनाई गई है, प्राइम मिनिस्टर ने एक टास्क फोर्स भी बनाई है, अगर इसको गति देनी है, तो राज्यों के चीफ मिनिस्टर्स के साथ बैठकर एक ऐसा mechanism तैयार करना चाहिए, जिससे प्रोजेक्ट्स delayed न हों और जल्दी-से-जल्दी प्रोजेक्ट्स पूरे हों। मुझे याद है कि Rural Development Ministry के एक सेक्रेटरी ने मुझसे कहा था कि दिल्ली से पिछले 60 साल में जितना पैसा गांवों के लिए और infrastruture के विकास के लिए लिया गया है, अगर सचमुच लग गया होता, अगर यह इंजीनियर-ठेकेदार nexuxs न होता, अगर यह सचमुच लग गया होता, तो सोने के गांव हो जाते और अमेरिका, इंग्लैंड के गांव भी इस तरह के न होते, उनसे बेहतर हमारे गांव होते। लेकिन दुख यह है कि पैसा पहुंच नहीं पाता है। आज हम सबको पार्टी से ऊपर उठकर यह काम करना पड़ेगा और सबको मिल कर इस nexus को तोड़ना होगा। अगर यह पैसा नीचे जाए, हजारों-लाखों करोड़ रुपए हैं, तो हम देखेंगे कि इनकी तस्वीर बदल जाएगी, इनकी शक्ल बदल जाएगी।

मैं आखिर में एक बात और रखना चाहता हूं। इस बजट में मीडिया को भी stimulus package दिया गया है, जो एक बहुत अच्छी बात है। प्रिंट मीडिया को राहत दी गई है, चाहे सर्विस टैक्स में हो, चाहे davp rates में हो। हमारा आग्रह सिर्फ यह था कि बाहर टेलीविजन चैनल वाले मिले थे, वे कह रहे थे कि हम भी तो मीडिया हैं, हमारे साथ क्यों ज्यादती हो रही है। अगर प्रिंट मीडिया को कुछ दिया है, तो इलैक्ट्रॉनिक मीडिया को भी वही चीज मिलनी चाहिए। सरकार को इन दोनों में भेद करने का काम नहीं करना चाहिए। हमारा वित्त मंत्री जी से यह अनुरोध है कि वे प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में कोई भेदभाव न करें। जो भी देना हो, चाहे एक रुपया दें, दोनों को दें। ऐसा न करें कि एक को तो रख लें और दूसरे को न दें। यह काम नहीं करना चाहिए। मुझे लगता है कि अपने बजट भाषण में वे इसमें सुधार करेंगे। यही मेरा अनुरोध है। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री रघुनन्दन शर्मा (मध्य प्रदेश) : सम्माननीय उपसभापति महोदय, मैं अपनी बात प्रारम्भ करूं, उससे पूर्व मैं एक छोटी सी व्यवस्था संबंधी बात आपके ध्यान में लाना चाहता हूं। मैंने दो चार दिन पहले देखा कि जो हमारी आसन व्यवस्था है, वहां पहले सबके नाम के सामने 'श्री' लिखा हुआ था, लेकिन सारे सदन में आपनू फ्लूड लगा करके उस 'श्री' को मिटा दिया है। मेरी समझ में यह बात नहीं आई कि 'श्री' को मिटाने के पीछे क्या कारण है? ...(**व्यवधान**)...

SHRI RAJIV PRATAP RUDY (Bihar) : It is a curious thing.

श्री रघुनन्दन शर्मा : यह बात मैं इसलिए कह रहा हूं कि कहीं आपके मस्तिष्क में या सदन में कहीं न कहीं वायुमंडल का प्रभाव तो नहीं है। कहीं आप जो सैकुलर या एंटीसैकुलर शब्द है, उसके कारण प्रभावित होकर तो 'श्री' को नहीं हटा रहे हैं।

SHRI RAJIV PRATAP RUDY : Sir, it is a very valid point. Whitener has been put, and, 'shri' has been removed from every name. It is very amazing thing and Sir, it is a very interesting matter.

श्री रघुनन्दन शर्मा : अब हो गया, मैं बोल लूंगा ...(**व्यवधान**)... मैं स्वयं इस बात को बोलने में समर्थ हूं।

MR. DEPUTY CHAIRMAN : You have brought it to our notice. We will look into it. ...*(Interruptions)*... यह पार्लियामेंट का मैटर है, and nobody can replace. We will look into it. हम इसे देखेंगे।

श्री रघुनन्दन शर्मा : नहीं, 'सुश्री' और 'श्रीमती' तो हैं, लेकिन बाकी लोगों को अपने जैंडर विहीन कर दिया गया है।

श्री उपसभापति : हम इसे देखेंगे ...(**व्यवधान**)...

श्री राजीव शुक्ल : यह गलत नहीं है ...(**व्यवधान**)... नेम प्लेट पर अपने ही नाम के आगे श्री नहीं लगाया जाता है ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Now, Please ...*(Interruptions)*... Don't create ...*(Interruptions)*... Please ...*(Interruptions)*...

श्री रघुनन्दन शर्मा : उपसभापति जी, अब मैं अपनी बजट की बात पर आता हूं ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : विप्लव जी, आप बैठिए ...(**व्यवधान**)... आप बैठिए ...(**व्यवधान**)... अब आप बोलिए ...(**व्यवधान**)... शुक्ल जी, आप बैठिए ...(**व्यवधान**)...

श्री रघुनन्दन शर्मा : हो गया, राजीव जी, आपकी बात हमने ध्यान से सुन ली है ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : शुक्ल जी, आप बैठिए ...(**व्यवधान**)... Please. ...*(Interruptions)*... हां, अब आप बोलिए ...(**व्यवधान**)...

श्री रघुनन्दन शर्मा : माननीय उपसभापति जी, अब मैं बजट की बात पर आ रहा हूं। मैंने वित्त मंत्री जी का संपूर्ण भाषण ध्यान से सुना है और समाचार पत्रों में उस पर टिप्पणी भी देखी है। उन समाचार पत्रों की टिप्पणी में यह स्पष्ट आया है कि वित्त मंत्री जी अपने सम्पूर्ण बजट भाषण में केवल एक ही बार हंसे। निश्चित रूप से उस सम्पूर्ण बजट में मुस्कुराने जैसी कोई बात थी ही नहीं। वह इस बात पर मुस्कराए कि पहली बार वह दस लाख करोड़ रुपये से अधिक का बजट प्रस्तुत कर रहे हैं। लेकिन उनकी टीम के लोगों के लिए और उनके दल के लिए मुंह लटकाने की बात यह भी थी कि चार लाख करोड़ रुपये से अधिक का घाटा इस बजट में रखा गया है, जो निश्चित रूप से हम सबके लिए चिंता का विषय है।

माननीय उपसभापति जी, कृषि हमारे देश का मुख्य व्यवसाय है और इस कृषि के ऊपर ही आर्थिक दृष्टि से अन्य सारी बातें निर्भर करती हैं। सम्पूर्ण देश की अर्थव्यवस्था कृषि उत्पादन पर ही निर्भर करती है। उन्होंने उसमें कहा कि 2.87 हजार करोड़ रुपये का ऋण प्रवाह किसानों में पहले से ही है और उसे बढ़ा कर उन्होंने 3.80 हजार करोड़ करने का प्रयत्न किया है। इसके माध्यम से निश्चित रूप से उनका यह प्रयत्न है कि जो किसान हैं, उनको और अधिक कर्जदार बनाया जाए। लेकिन उसमें इसके लिए कोई समुचित व्यवस्था या इस प्रकार का कोई प्रावधान नहीं है कि उनका कृषि उत्पादन किस प्रकार से बढ़े। कृषि का उत्पादन बढ़ाने के लिए उसमें कोई व्यवस्था होती, ऐसी योजना प्रस्तुत की जानी चाहिए थी। उसमें खाद, बीज, उपकरण, खेती का आधुनिकीकरण, बंजर भूमि को उर्वरा में बदलने का प्रयत्न इत्यादि पर समुचित योजना होनी चाहिए थी और फिर उस योजना पर कार्यवाही का प्रयत्न भी किया जाना चाहिए था, लेकिन यहां से वहां तक मुझे इस बजट में ऐसे प्रयत्नों की थोड़ी भी छटा दिखाई नहीं देती।

मान्यवर महोदय, उसमें उर्वरकों के बारे में भी कहा गया है कि उर्वरकों की सब्सिडी की पद्धति को बदल दिया गया है और अब वह इसे सीधे किसानों को देंगे, लेकिन यह कहीं भी स्पष्ट नहीं है कि यह सब्सिडी समाप्त कर किसानों को किस प्रकार से दी जाएगी? उसमें कितने छोटे किसान आएंगे कितने बड़े किसान आएंगे और फिर सीधे-सीधे सारे उर्वरकों की कीमत कितनी बढ़ेगी? यदि उर्वरकों की कीमत ज्यादा बढ़ेगी तो निश्चित रूप से उससे कृषि उत्पादन भी प्रभावित होगा और यदि कृषि उत्पादन प्रभावित होगा तो कृषि घाटे का व्यवसाय बन जायेगी और फिर कृषि घाटे का व्यवसाय एक ही बार नहीं बनेगी, बल्कि कृषि उत्पादन स्थायी रूप से घाटे की अर्थव्यवस्था में बदल जाएगा। इस तरह निश्चित रूप से उनकी पद्धति में कहीं न कहीं दोष है। यह बात स्पष्ट होनी चाहिए थी, लेकिन बजट में यह बात कहीं भी स्पष्ट नहीं हुई है।

माननीय महोदय, महाराष्ट्र के किसानों के बारे में एक बात और कही गई है, जिसे यहां कई वक्ताओं ने स्पष्ट किया है कि साहूकारों के कर्ज से मुक्ति दिलाने के लिए महाराष्ट्र में इस प्रकार का प्रयास किया जाएगा। मंत्री जी ने पृष्ठ 7 के अपने भाषण में कहा है कि बड़ी संख्या में किसानों ने निजी ऋणदाताओं से ऋण ले रखे हैं, लेकिन ऋण माफी योजना में उन्हें शामिल नहीं किया है। इस मुद्दे पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। अब वित्त मंत्री जी ध्यान देने की आवश्यकता की बात कर रहे हैं। उसके ऊपर समुचित कार्यवाही के लिए उन्होंने कहीं आश्वासन नहीं दिया है, कहीं कार्य-योजना नहीं दी है या कहीं कार्यवाही का प्रयत्न नहीं किया है। ध्यान देना और कार्यवाही करना, दोनों में बड़ा अंतर है। माननीय महोदय, यह बात भी यहां पर आई है कि निश्चित रूप से केवल महाराष्ट्र के किसानों के लिए यह बात कही गई है। उनका ध्यान महाराष्ट्र के आने वाले विधान सभा के चुनावों पर ही था, अन्यथा मैं यह पूछना चाहता हूं कि क्या सम्पूर्ण देश के किसानों का साहूकारों के कर्जे से मुक्ति का अभियान प्रारम्भ हो गया है या वे उनसे मुक्ति पा गये हैं? निश्चित रूप से देश के अन्य प्रांतों के किसान साहूकारों के कर्जे से मुक्ति नहीं पा सके हैं। वे अभी भी उसके बोझ से लदे हुए हैं, लेकिन उनका ध्यान केवल वहीं गया है।

माननीय महोदय, इस सत्र में इस सदन में और लोक सभा में दो बजट प्रस्तुत हुए हैं - एक रेल बजट और दूसरा सामान्य बजट। इन दोनों बजट के प्रस्तुत करने वाले, दोनों महानुभाव, बंगाल के थे। इस बार सारे देश में अनावृष्टि है, लेकिन बंगाल के ऊपर इस बजट में खूब वर्षा हुई है। उसके पीछे स्पष्ट कारण यह है कि वहां पर भी चुनाव आने वाला है। इसलिए उन चुनावों को जीतने के लिए बजट का दुरुपयोग करने का प्रयत्न किया गया है। निश्चित रूप से यह ठीक कार्य नहीं है, यह कहीं-न-कहीं पक्षपात और दुर्भावना से परिपूर्ण है।

माननीय महोदय, मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि माननीय वित्त मंत्री जी ने कौटिल्य का उदाहरण दिया है। पहली बार उनको कौटिल्य याद आया। निश्चित रूप से उसके पीछे यह भावना रही होगी कि उनके जो पहले वामपंथी साथी थे, वे पुराने ऋषियों, मनीषियों और चिंतकों के बारे में, भारतीय चिंतकों के बारे में उन पर किसी भी प्रकार से दबाव बनाए रख कर उनको उस दिशा में चलने से रोकते थे। इसीलिए इस बार जब वह अपने वामपंथी मित्रों से मुक्ति पा गए तो उनको कौटिल्य याद आया। प्राचीन भारत के ऋषियों और मनीषियों तथा उनका अर्थ-चिंतन उनको याद आया, मैं यह कहना चाहता हूं वैसे सीता राम येचुरी जी ने भी इस बार अपने भाषण में कौटिल्य को याद किया है। हमारे तिवारी जी ने भी कौटिल्य को याद किया है। यह एक अच्छी बात है। यदि हम कहीं कौटिल्य की बात करते तो हम पर भगवाकरण का आरोप लगा दिया जाता। अब यह भगवाकरण की ओर बढ़ रहे हैं, यह प्रसन्नता की बात है।

सम्माननीय महोदय, मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि इन्होंने कोटिल्य की बात का उदाहरण तो दे दिया, लेकिन उन्होंने जिस सम्भावना के प्रति संकेत किया है और उन्होंने कहा कि आपदाओं की सम्भावनाओं का अनुमान लगाना होगा। यह निर्देश कौटिल्य ने अपने "अर्थशास्त्र" में दिया है, लेकिन उससे कहीं प्रेरणा प्राप्त नहीं की है, केवल quote करने के लिए ही कौटिल्य के नाम का प्रयोग हुआ है। बजट में इस आपदा-सम्भावनाओं के लिए भी प्रावधान होना चाहिए था। देश मे महामारी फैल सकती है, भूकम्प आ सकता है, बाढ़ से तबाही हो सकती है और नक्सलियों, आतंकवादियों, उपद्रवियों तथा माओवादियों का कहर देश पर हो सकता है, वे देश में विध्वंस मचा सकते हैं, लेकिन इन सब का मुकाबला करने के लिए, इन सब आपदाओं से बचाव हेतु व्यवस्था और प्रबंधन करने के लिए बजट में कोई व्यवस्था नहीं की गई है। इसीलिए मुझे यह लगता है कि केवल कौटिल्य के नाम का उपयोग किया गया है, उनसे प्रेरणा लेने का कोई प्रयत्न नहीं हुआ है। बेहतर होता कि उन भारतीय ऋषियों-मनीषियों के अर्थ-चिंतन से और उनके तत्व-दर्शन से यह कुछ ज्ञान लेते, उसके अनुसार कुछ करने का विचार रखते तथा उसे कार्य रूप में परिणत करते।

मान्यवार महोदय, पहली बार सरकार ने feed back देकर समाचार पत्रों में यह छपवाया कि इन 25 वर्षों में पहली बार महंगाई-दर शून्य से नीचे गई है। यह शून्य से नीचे गई है, इस बात को कई दिनों तक प्रचारित किया गया, लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं है। खाद्य-पदार्थ, दालें तथा सामान्य जीवन में उपयोग की वस्तुएं इन 25 वर्षों में जितनी महंगाई की छलांग लगा करके कीमतें आसमान को छूने में समर्थ हुई है, उतनी देश में किसी भी 5 वर्षों में ...। उतनी किसी भी एक वर्ष में नहीं हुई है, जितनी इस एक वर्ष में हुई हैं। मान्यवर, 25 वर्षों का रिकॉर्ड महंगाई की बढ़ती दर ने तोड़ दिया है, लेकिन आप प्रचारित कर रहे हैं कि महंगाई दर शून्य से नीचे पहुंच गई है। यह तो गोएवल्स को भी पीछे छोड़ने जैसा कुप्रचार है, कपट नीति है। प्रचार में कोई भी इस प्रकार का छल और प्रपंच नहीं करता है, लेकिन यहां छल और प्रपंच किया गया है। अभी कुछ समय पूर्व मैंने दैनिक भास्कर के बिजनेस पृष्ठ पर पढ़ा था। उसमें कहा है कि छल और कपट से देश की जनता को मूर्ख बनाने के लिए मूल्य सूचकांक में परिवर्तन किया गया है। उन्होंने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि अनाजों के नए थोक मूल्य सूचकांक में आम आदमी द्वारा इस्तेमाल होने वाली चीजों की हिस्सेदारी घटा दी गई है और यह बात बेहद चिंता पैदा करने वाली है। अनाजों की हिस्सेदारी 5.01 से घटाकर 4.09 कर दी गई है, दूध की हिस्सेदारी 4.37 से 3.24 कर दी गई है, उसी प्रकार चीनी की हिस्सेदारी 3.62 से घटाकर 1.68 पर आ गई है, खाद्य तेल की हिस्सेदारी 2.76 से घटाकर 2.60 कर दी गई है। इस प्रकार जब थोक मूल्य सूचकांक निर्धारित करने का मापदंड ही आप बदल देंगे और उस आधार पर मूल्य सूचकांक तय होगा तो निश्चित रूप से आप शून्य से और नीचे, 25 अंक नीचे भी ले जा सकते हैं। यदि यही छल और छलावा करना है तो फिर आपको इस प्रकार से झूठे प्रचार करने से कौन रोक सकता है? लेकिन वास्तव में जनता इस मार को झेल रही है, आसमान छूती महंगाई को झेल रही है, महंगाई की इस आग की भट्टी में वह जल रही है, इसलिए आपके इस कुप्रचार का कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला है और हां इस बजट के माध्यम से व झूठे प्रचार के माध्यम से देश और इस सदन को गुमराह करने का प्रयन्त किया गया है।

माननीय सभापति जी, आर्थिक मंदी के दौर में भी भारत पूरी तरह से बचा रहा और उस पर केवल आंशिक प्रभाव ही पड़ा, यह बात बजट में कही गई है। लेकिन आंशिक प्रभाव ही पड़ा और भारत बचा रहा, इसका कारण क्या है? मान्यवर, भारत के बचे रहने का मूल कारण है यहां की सनातन संस्कृति, सामाजिक जीवन पद्धति का

निर्माण, जो हजारों वर्षों में हुआ है और हमारी पारिवारिक व्यवस्था। संयुक्त परिवार प्रथा के कारण भारत इस महा मंदी के दौर से भी बचा रहा है। आज भी भारत की अर्थ-व्यवस्था, कृषि प्रधान अर्थ-व्यवस्था है और इस कृषि प्रधान अर्थ-व्यवस्था के कारण जबकि इस महंगाई की चपेट में सारे देश आ गए, लेकिन भारत बचा रहा। इसके अलावा तीसरी बात यह है कि भारत के परिवारों में जो बचत करने की प्रवृत्ति है, इस बचत करने की प्रवृत्ति के कारण भी हमारा देश इस आर्थिक मंदी से बचा रहा।

मान्यवार सभापति महोदय, आप घाटे की अर्थ-व्यवस्था में इस देश को ले जाना चाहते हैं, अमेरिका के पद-चिह्नों पर चलना चाहते हैं। पिछले समय अमेरिका में 45 खरब डॉलर का घाटा हुआ। वहां 2006-2007 में जो देश की सकल आय थी, उस सकल आय में जो व्यय हुआ, वह व्यय 45 खरब डॉलर अधिक था और इस कारण वहां अर्थ व्यवस्था पिट गयी। इस कारण अर्थिक मंदी के दौर में केवल वहीं नहीं बल्कि सारे संसार और हम लोगों तक भी इसका प्रभाव पहुंचा। मान्यवर महोदय, निश्चित रूप से इस का उपयुक्त उदाहरण यह है कि हम अपने ढंग से, अपनी सकल आय के आधार पर, बिना किसी अन्य की नकल करते हुए अपनी अर्थ-व्यवस्था को बनाए रखें। मान्यवर, हमारे यहां एक कहावत है, "ताकत कम गुस्सा ज्यादा, ये पिटने के लक्षण हैं और आमद कम खर्चा ज्यादा, ये मिटने के लक्षण हैं।" आप भी इस देश को इसी तरह से अमेरिका के पदचिह्नों पर ले जाकर घाटे की ओर बढ़ाना चाहते हैं। मान्यवर, रूस मिट गया, अमेरिका भी मिटने वाला है, 8-10 वर्षों में अमेरिका आर्थिक दृष्टि से सब से पीछे की पंक्ति में खड़ा होगा। वहीं भारत, जो यहां की कृषि प्रधान अर्थ व्यवस्था है, उस के कारण, संयुक्त परिवार व्यवस्था के कारण, यहां के लोगों की बचत की प्रवृत्ति के कारण फिर एक आर्थिक महा-शक्ति के रूप में दुनिया में सिर ऊपर कर के खड़ा रहेगा। मस्तक ऊपर करके दुनिया के सामने हमारा देश आर्थिक दृष्टि से भी मार्गदर्शन करेगा, नेतृत्व करेगा।

श्री उपसभापति : आप समाप्त कीजिए।

एक माननीय सदस्य : बहुत अच्छा बोल रहे हैं।

श्री उपसभापति : अच्छा बोल रहे हैं, मुझे मालूम है ...(**व्यवधान**)...

SHRI RAVI SHANKAR PRASAD (Bihar) : It is a maiden speech, Sir.

श्री उपसभापति : नहीं-नहीं, देखिए आपके 11 मिनट बचे थे, अब 15-16 मिनट हो गए हैं। ...(**व्यवधान**)... नहीं-नहीं, दूसरों को भी बोलने दीजिए। I have to allow others also. ...*(Interruptions)*.. Please understand, today, the compulsion. ...*(Interruptions)*.... अब आप खत्म कीजिए, प्लीज।

श्री रघुनन्दन शर्मा : माननीय उपसभापति महोदय, 4 लाख करोड़ का कर्जा प्रणब मुखर्जी ले सकते हैं, मुझे पांच मिनट आप उधार क्यों नहीं देंगे? अगले टाइम से मेरे पांच मिनट आप काट लीजिएगा।

श्री उपसभापति : नहीं-नहीं। आप दूसरों से request कीजिए, मुझसे request मत कीजिए।

श्री एम. वेंकैया नायडु (कर्नाटक) : सर, इन्होंने एक संवैधानिक सवाल उठाया कि जब सरकार 4 लाख करोड़ मार्केट से borrow कर सकती है तो क्या आप उन्हें 5 मिनट उधार नहीं दे सकते हैं?

श्री उपसभापति : मैं तो उधार नहीं दे सकता। दूसरे मैम्बर्स अगर चाहें तो दे सकते हैं। ...(**व्यवधान**)...

AN HON. MEMBER : Members are agreeing, Sir. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Please conclude. ...*(Interruptions)*... Please conclude.

1.00 P.M.

श्री रघुनन्दन शर्मा : माननीय उपसभापति जी, मैं एक और बात के ऊपर आना चाहता हूं।

श्री उपसभापति : नहीं, आप आखिरी बात कीजिए, एक और बात नहीं।

श्री रघुनन्दन शर्मा : मैं कोशिश करूंगा कि आखिरी बात ही करूं।

श्री उपसभापति : कोशिश नहीं, करना ही पड़ेगा। नहीं तो मेरी bell बजेगी।

श्री रघुनन्दन शर्मा : माननीय उपसभापति जी ...(**व्यवधान**)...

श्री रवि शंकर प्रसाद : सर, बहुत ही प्रभावी हिन्दी बोली जा रही है।

श्री उपसभापति : मैं भी सुन रहा हूं।

श्री रवि शंकर प्रसाद : शुद्ध हिन्दी।

श्री रघुनन्दन शर्मा : हमारा देश नक्सली समस्या से ग्रस्त है। श्री शिवराज पाटिल पांच वर्षों तक यह कहते रहे कि यह नक्सली समस्या, आतंकवाद, उग्रवाद या देश में विध्वंस का तांडव करने वाली व्यवस्था नहीं है। इसमें केवल सामाजिक और आर्थिक कारण ऐसे हैं, जिसके कारण यह समस्या खड़ी हुई है, लेकिन वास्तव में यह बात नहीं है। नेपाल में ऐसी बात नहीं थी। देश को तोड़ने वाली प्रवृत्तियां हैं। इस देश की प्रभुसत्ता को नष्ट करने के लिए जो प्रयत्न किये जा रहे हैं, उनमें से यह एक देशद्रोही प्रवृत्ति है, जो अपना सिर उठा रही है। माननीय महोदय, यह नक्सलवार - यहां साढ़े चार साल तक श्री शिवराज जी यह कहते रहे, लेकिन वे अपने साथियों का उपयोग नहीं कर सके। जो नेपाल में जाकर गुमराह मित्रों को हिंसा से अहिंसा की ओर ले जा सकते हैं, मुख्य धारा में ले जा सकते हैं, क्या वह साढ़े चार साल तक अपने बगल में बिठाये रखे लोगों से यह उपयोग नहीं ले सकते थे कि उनको समझाइश देकर अच्छे रास्ते पर लाते? लेकिन यह समस्या ऐसी नहीं है। यह समस्या राजनैतिक समस्या है। इस देश में इस प्रकार की हिंसा खड़ी करना और प्रछन्न रूप से जो उनको समर्थन दे रहे हैं, वे लोग बाद में जब शक्तिशाली हो जाएं तो उसको साथ लेकर सत्ता के ऊपर कब्जा कर लें। ...**समय की घंटी**...

श्री उपसभापति : बस, अब हो गया।

श्री रघुनन्दन शर्मा : एक अंतिम बात।

श्री उपसभापति : नहीं, मैं मजबूर हूं, प्लीज। आप समाप्त कीजिए।

श्री रघुनन्दन शर्मा : माननीय महोदय, 300 करोड़ रुपये प्रति वर्ष नक्सली वसूल कर रहे हैं। यह छत्तीसगढ़ के मुख्य मंत्री ने सार्वजनिक बयान के माध्यम से कहा है। देश में इनको रोकने के लिए इस बजट में 300 करोड़ रुपये की भी व्यवस्था नहीं की गई है। वे केवल एक प्रांत में 300 करोड़ वसूल कर रहे हैं, पांच प्रांतों में लगभग डेढ़ हजार करोड़ रुपये देशवासियों से, ठेकेदारों से और सरकार के नुमाइंदों से वसूल करके शास्त्रास्त्र खरीद रहे हैं और वे आधुनिक शस्त्रों से लैश हो रहे हैं। वे इस देश को तबाही की ओर ले जाना चाहते हैं।

माननीय महोदय, आपने मुझे समय दिया उसके लिए आपको धन्यवाद देने के साथ मैं एक निवेदन करना चाहता हूं कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने कहा था कि एक रुपया भेजा जाता है उसमें से 15 पैसे ही उपयोग में आते हैं। यह सदन, यह सरकार और हम सब मिल कर यदि यह संकल्प करें कि यहां से भेजा जाने वाला पूरा का पूरा रुपया देश के विकास में काम आएगा तो हम इस देश को - भारत के निर्माण करने तक ही सीमित नहीं रहेंगे बल्कि हम इसे संसार की एक महाशक्ति बनाने में समर्थ होंगे। बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री उपसभापति : श्री अवतार सिंह करीमपुरी। आपके पास 8 मिनट का समय है।

डा. (श्रीमती) नजमा ए. हेपतुल्ला (राजस्थान): आज Lunch Hour नहीं है?

श्री उपसभापति : जी, Lunch Hour नहीं है।

डा. (श्रीमती) नजमा ए. हेपतुल्ला : हाऊस की सैंस ले लिया है।

श्री उपसभापति : सैंस तो ले लिया है।

श्री अवतार सिंह करीमपुरी (उत्तर प्रदेश): सर, आपने मुझे इस बजट की अहम discussion में participate करने के लिए समय दिया है, इसके लिए सबसे पहले मैं आपका धन्यवाद करता हूं। समय बहुत कम है, इसलिए मैं इस कम समय में कुछ important issues ही उठाना चाहूंगा।

सर, फरीद साहब ने अपनी वाणी में लिखा कि -

फरीदा जे तू अकल लतीफ, तां काले सिख न लेख

आपनड़े गिरबान में सर नीवां कर देख।

फरीद साहब कहते हैं कि अगर आपके पास यह शक्ति है, यह talent है, यह opportunity है कि आप कुछ लिखते हैं, आप कुछ प्लान करते हैं, तो वे कहते हैं कि *काले लिख न लेख, आपनड़े गिरबान में सर नीवां कर देख,* अपने पांव की ओर भी कभी सर नीचे करके देखना है, Self analysis करने की भी जरूरत है। मैंने जब बजट को पढ़ा तो देखा कि उसमें खास तौर से PPP - Public Private Participation - का बहुत इस्तेमाल किया गया है। जगह-जगह पर यह Public Private Participation दिखाया गया है, लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि अगर इस देश को बचाना है तो हमें इस Public Private Participation की समीक्षा करनी होगी और हम आपको suggest करना चाहते हैं कि let us replace PPP. मैं भी PPP propose कर रहा हूं और वह PPP क्या है? उसमें पहला P Poverty के लिए है। आज इस देश के सामने गरीबी एक major challenge है, यह एक गंभीर समस्या है। हम पिछले 61 बरसों से इस देश का बजट तैयार कर रहे हैं और हर बार इस बजट में हम इस देश की जनता से यह वादा करते हैं कि हम गरीबी से निबटेंगे, हम गरीबी को खत्म करेंगे, हम गरीबी को जड़ से मिटा देना चाहते हैं, लेकिन अफसोस की बात है कि गरीबी जड़ से मिट नहीं रही है, गरीबी बढ़ रही है और इससे भी ज्यादा अफसोस की बात है कि हमारे देश की सरकार अभी तक confused है, अभी तक यह decide नहीं कर पा रही है कि हमारे देश में गरीबों की संख्या कितनी है। इस बारे में जितने कमीशन बैठाए गए हैं, कमिटियां बैठाई गई हैं, उन सबकी अलग-अलग रिपोर्ट है। अगर सबकी एक रिपोर्ट नहीं होगी तो एक नीति नहीं होगी, अगर एक नीति नहीं होगी, एक योजना नहीं होगी तो हम इस समस्या का समाधान कैसे कर पाएंगे? इसलिए मैं यह चाहूंगा कि इस दिशा में सरकार को संजीदा approach अख्तियार करने की जरूरत है। दूसरा P Population के लिए है। Population is very big challenge for India और हमारी सरकार की इस बारे में कोई गंभीरता नजर नहीं आती है। हमारी सब industry fail नजर आ रही हैं, लेकिन population की field में हम दुनिया में एक नम्बर से, तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। मैं यह कहना चाहूंगा कि बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर, जिन्होंने इस देश के संविधान की रचना की थी, डा. भीमराव अम्बेडकर साहब ने उस वक्त कहा था, जब इस देश का संविधान लागू हुआ था, कि हमारे देश को population control करने के लिए कोई affective योजना बनानी होगी। अगर बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की बात को हमने माना होता तो आज हमारे देश की यह दशा न होती - आज हमारा बचपन रुल रहा है, आज हमारा बुढ़ापा रुल रहा है। हमारे पास कोई effective social security plan न होने के कारण, हमारे देश में social

insecurity के कारण day by day population increase हो रही है। आज लोग बच्चे इसलिए पैदा कर रहे हैं कि वे उनके बुढ़ापे का सहारा बनेंगे। आज religious insecurity के कारण भी हमारे देश में population बढ़ रही है और हमारे देश में economic insecurity के कारण भी पापुलेशन बढ़ रही है। इसलिए, महोदय, आपके माध्यम से मैं सरकार से कहना चाहूगा कि population control के लिए और social insecurity को दूर करने के लिए एक social special security plan की जरूरत है, effective plan की जरूरत है। उसके लिए हमें गंभीरता से सोचना होगा। जहां तक pollution का सवाल है, pollution तो हमारे agenda में ही नहीं है। यह इंतहा बढ़ रहा है। इसलिए हम कहना चाहेंगे कि हमें देश में एक campaign चलाने की जरूरत है - "Let us make India Hygenic."

अब हम क्या कहें, हमें दुःख होता है, हम यह कहना चाहेंगे कि pollution भी देश के लिए एक बहुत बड़ा खतरा है। Public Private Participation को replace करो और PPP यानी Poverty, Population and Pollution के बारे में आप कोई सकारात्मक नीति बनाओ। आपने बजट में यह वायदा किया है कि हम अगले 5 सालों में slum free India बनाएंगे। हम यह कहना चाहते हैं कि यह आज़ादी का 62वां साल चल रहा है। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : अब आप conclude कीजिए।

श्री अवतार सिंह करमीपुरी : हम conclude कर रहे हैं। यह एक गंभीर issue है। Where is the uterus which has created slum India. Let us identify it. The Congress and the BJP, both have ruled India. Both are the uterus, जिन्होंने slum India produce किया है। आज इस देश में 14 करोड़ लोग सड़कों के किनारों पर गड्ढों में बैठे हैं। एक तरफ जिंदा लोग हैं, जो सड़कों के किनारे पर बैठे हैं और दूसरी तरफ मुर्दा लोग हैं, जो पार्कों में पड़े हैं ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : ठीक है, आपने कह दिया, अब आप समाप्त कीजिए।

श्री अवतार सिंह करीमपुरी : इसलिए हम यह कहना चाहेंगे कि इसके लिए हमें constructive plan बनाने की जरूरत है। इसके अलावा Scheduled Castes and Backward Classes की इस देश में जो दशा है, उन पर day-by-day atrocities बढ़ रही हैं ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : अब आप समाप्त कीजिए, अन्यथा यह रिकॉर्ड में नहीं जाएगा।

श्री अवतार सिंह करीमपुरी : बैकवर्ड क्लास की मंडल कमीशन की रिपोर्ट को लागू नहीं किया गया है।

श्री उपसभापति : वीरेन्द्र भाटिया जी, आप बोलिए ...(**व्यवधान**)... करीमपुरी जी, आप बोलते ही जा रहे हैं, हमें वक्त की कमी है, ...(**व्यवधान**)... अब आप conclude कीजिए।

श्री अवतार सिंह करीमपुरी : हम conclude कर रहे हैं, just one line, please. ***...(Interruptions)...***

उपसभापति महोदय, महोदय, बहुत से स्टेट्स, मंडल कमीशन की रिपोर्ट को अब तक लागू नहीं कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि केन्द्र की सरकार यह फैसला करे कि उनकी ओर से स्टेट्स को जो मदद की जा रही है, जो स्टेट्स इस मंडल कमीशन की रिपोर्ट को लागू न करें, उनकी सहायता बंद की जाए।

श्री वीरेन्द्र भाटिया (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभापति जी, मैं केवल दो मिनट में अपनी बात समाप्त कर दूंगा, क्योंकि साहू साहब को अवसर देना है, इसलिए मैं बिल्कुल संक्षेप में केवल 4 बातें कहना चाहूंगा। मैं आपके माध्यम से पहली बात तो यह कहना चाहूंगा कि वकीलों पर, लीगल सर्विसेज़ पर और डॉक्टरों पर जो सेवा कर

लगाया गया है, service charges लगाए गए हैं, मैं इसका विरोध करता हूं। वकील, न्याय व्यवस्था का अंग है। अगर न्याय व्यवस्था पर सर्विस टैक्स लगाया जाएगा, तो जो litigant है, उसको न्याय और महंगा पड़ेगा। इसी प्रकार से अगर डॉक्टर्स पर सर्विस टैक्स लगाया जाएगा, तो पेशेंट से वह वसूलेगा, इसलिए मैं इसका विरोध करता हूं और अर्ज़ करता हूं कि इसको वापस लिया जाना चाहिए।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि मैं श्री राजीव शुक्ल की बात से इत्तफाक रखता हूं कि जब आपने प्रिंट मीडिया को, जर्नलिस्ट्स को सुविधाएं दी हैं, तो जो दूसरी मीडिया है - टी.वी. मीडिया है, वीडियो मीडिया है - उनको भी उसी प्रकार से सुविधाएं दी जानी चाहिए। इसलिए मैं श्री राजीव शुक्ल जी की इस बात का समर्थन करता हूं।

तीसरी बात मुझे यह कहनी है कि आपने जो मध्यम वर्ग को आय कर में रियायत दी है, वह बहुत कम है। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए उसे बढ़ाया जाना चाहिए।

चौथी बात मुझे यह कहनी है कि इस समय मकानों की आवश्यकता कम हो गई है और मकान बनने कम हो गए हैं। जो लोग होम लोन लेते हैं, उस पर ब्याज की दर कम की जानी चाहिए और हम लोग जो रिपेमेंट करते हैं, उसमें और सुविधाएं दी जानी चाहिए।

अंतिम बात मैं यह कहना चाहता हूं कि अभी हमारे BSP के साथी बोल रहे थे और वे Public Private Partnership का विरोध कर रहे थे। पहले वे अपने राज्य में देखें, जहां सारी योजनाएं Public Private Partnership पर चल रही हैं। पहले वे अपने राज्य की बात करें, जहां पर उनकी सरकार है ...(**व्यवधान**)... इन शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

SHRI S. ANBALAGAN (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, thank you for giving me this opportunity to speak on the General Budget. I am the second speaker to speak on behalf of the All India Anna DMK, which is the leading political party in Tamil Nadu. My colleague, Shri Malaisamy, who was the first speaker from my party, with his background as a former bureaucrat, has done his job rightly and aptly. I will supplement his viewpoints here and there on certain areas which, I consider, are relevant to be brought to the notice of the House.

Sir, this is the first Budget of the new Government. The expectations of the people were very high, but the allocations for important sectors such as agriculture, infrastructure, power and for the National Rural Employment Guarantee Programme are very meagre, when compared to the need in these sectors. As rightly observed by my party leader, Puratchi Thalaivi Amma, though the decision to provide BPL families with 25 kg of rice or wheat every month at Rs.3 a kg is welcome, yet non-allocation of specific funds for the same raises question mark about the implementation of the scheme. Sir, I want a clarification from the Government about the method adopted in the selection of beneficiaries of this scheme. I want to put across certain aspects for the consideration of the Government. Firstly, the Government will have to see that the benefits go to the real beneficiaries. Secondly, quality should be taken care of; and thirdly, the programme should be implemented effectively. I request the Government to form a Committee comprising MLAs, MPs, along with officials and two or three representatives of the local bodies to monitor its implementation without any lapse. Sir, how can the Government assure food security to the poor when they have actually

reduced the foodgrains provided to the poor? Under the Antyodaya Scheme, they have now reduced the quantity from 35 kg to 25 kg, and have also raised the issue price from Rs.2 to Rs.3 per kg. These days, two-wheelers and tractors are widely being used by farmers to carry their agricultural produce. Moreover, they have to run their pump sets on diesel due to the acute problem of power cuts that is very much in force in my State of Tamil Nadu. I, therefore, request the Government to consider giving them 25 per cent subsidy on the market price of petrol and diesel.

Sir, exemption of Central Excise Duty to small scale industrial units is given to the extent of Rs.1.5 crores. This is inadequate. The exemption should be increased to a minimum of Rs.3 crores, which will be very much useful for the development of small scale industrial units. Ultimately, this will create employment opportunities in the rural area.

The marginal increase in income-tax exemption makes very little sense in the context of spiralling price of essential commodities. The huge middle class of the country will not be benefited from this. I request the Finance Minister to raise the income tax exemption limit to Rs.5 lakhs.

The AIADMK, in its election manifesto, had promised that if voted to power, it would prevail upon the Indian Government to sanction Rs. 10,000 crores as rehabilitation package for the Eelam Tamils. The Finance Minister's announcement of Rs.500 crores for the rehabilitation of Eelam Tamils is quite meagre; they are only paying a lip service to their cause. There is a proverb in Tamil – Yanai pasikku solapoori, meaning to say, giving peanuts to a hungry elephant. On behalf of my party, the AIADMK, and the General Secretary of our party, Puratchi Thalaivi Amma, I urge upon the Government to sanction Rs. 10,000 crores as rehabilitation package for the Eelam Tamils.

Another point is that there are 20 lakh unemployed youth who are educated and have the skills. But the Government has not announced any scheme for providing employment opportunities for these skilled persons. Without proper employment opportunities in the country, the youth of our countries are going to foreign countries in search of jobs. Hon. Member spoke in Tamil) Why should one go elsewhere when everything is available in this country? Sir, let me conclude with a Tamil quotation. Tamil It means, alertness, learning and bravery are the three basic traits of a good ruler. The people expect these qualities in their Government. Insofar as this Budget is concerned, these expectations have not been met by the Government.

श्री अली अनवर अंसारी (बिहार) : शुक्रिया महोदय, आज प्रश्नकाल में मेरा भी एक सवाल आया था लेकिन वक्त खत्म हो गया। वहीं से मैं अपनी बात शुरू करना चाहता हूं। मैं कुछ पूछना चाहता था, मैंने कुछ पूछा भी, लेकिन मंत्री जी का जवाब नहीं मिल सका। महोदय, उस जवाब में सरकार ने यह कहा कि जो मंदी की मार पड़ी है, जिन सेक्टर्स में पड़ी है, उसमें वस्त्र उद्योग, कपड़ा उद्योग अव्वल है। महोदय, हम उनसे पूछना चाहते थे कि खेती के बाद आज भी इस मुल्क में सबसे ज्यादा अगर रोज़गार मिलता है, तो यही बुनकरी के धंधे से और कुटीर उद्योग के धंधे से मिलता है। इन पर मंदी की मार पड़ी है, ये लोग बेरोजगार हुए हैं, ये खुदखुशी कर रहे हैं। बुनकरों के द्वारा

किडनी और खून बेचने की घटनाएं इस मुल्क में हुई हैं - आंध्र प्रदेश से लेकर, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र तक। उनके लिए आप क्या कर रहे हैं? पिछले बजट में और इस बजट में इस मुल्क के जो दस्तकार हैं, इस मुल्क के जो कारीगर तबके के लोग हैं, बुनकर हैं, धुनकर हैं, दर्जी हैं, वे सरकार से यह उम्मीद लगाए बैठे थे कि जिस तरह से सरकार ने किसानों का 60 हजार करोड़ रुपया कर्ज माफ किया, उसी प्रकार सरकार उनके बारे में भी सोचेगी। हम किसानों की कर्ज माफी का समर्थन करते हैं लेकिन ये जो दस्तकार हैं, आर्टीजन हैं, बुनकर हैं, ये तो लैंडलेस हैं, भूमिहीन हैं। इनकी कर्ज माफी क्यों नहीं होगी? इसी सदन में यूपीए-टू सरकार आई है। पहले वाघेला जी कपड़ा मंत्री थे। इन्होंने कहा था कि पीएमओ से हमारी बात चल रही है। उन्होंने कहा था कि जो बुनकर हैं, जो दस्तकार हैं, वे कर्ज वापिस करने की स्थिति में नहीं हैं। उनके संबंध में हमारी पीएमओ से बात चल रही है। हम लोगों ने उम्मीद की थी कि प्रणब दा इस संबंध में कुछ पेश करेंगे। पिछली दफा उन्होंने किसानों का कर्ज माफ किया था, इस बार बुनकरों का और दूसरे गरीब तबके के कारीगर लोगों का कर्ज माफ करेंगे। उनका कर्ज ज्यादा नहीं है। आपने वहां 60 हजार करोड़ माफ किया, यहां आपने इसी हाउस में कहा था कि 800 से 1200 करोड़ रुपया कर्जा है। फिर आपने बताया कि बढ़कर 3500 करोड़ रुपया हो गया है। इसे क्यों नहीं माफ किया? इस हाऊस के बाहर प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह जी ने यह घोषण की थी कि किसानों को जिस रेट ऑफ इंटरस्ट पर कर्ज मिलता है, उसी रेट ऑफ इंटरस्ट पर हम बुनकरों को भी कर्ज देंगे? वह आपने इसमें क्यों नहीं दिया? आखिर आपकी बुनकरों से क्या दुश्मनी है? ये बुनकर लोग ही हैं जो आज भी इतनी मेहनत और मजदूरी कर रहे हैं। आपने क्लस्टर बनाने की बात इसमें कही है। लेकिन आप भूल गए - बिहार में भागलपुर में भूल गए, नाथ नगर भूल गए, चम्पा नगर भूल गए, मानपुर भूल गए, जो गया के पास है - वहां आपने इनके लिए कोई स्कीम नहीं दी। इस प्रकार से आप बेरोजगारी कैसे दूर करेंगे? उसी तरह से माइनॉरिटी की बात है। पिछली बार अंतुले साहब केबिनेट मिनिस्टर थे। माइनॉरिटी का बहुत ढिंढोरा पीटा जाता है कि हमारा उस तरफ बहुत ध्यान है। क्या ध्यान है? आपका केबिनेट मिनिस्टर था, इस बार आपने सलमान खुर्शीद साहब को राज्य मंत्री बनाया। और आप कहते हैं कि बजट में हमने सत्रह हजार चालिस करोड़ दिया, एक हजार करोड़ पहले था, आपने बाद में छः सौ पचास जोड़ा था, अभी आपने नौ सौ जोड़ा है। तो यह जो * है तथा अखबार वाले लिखते हैं कि प्रणबदा बंगाल का जादू दिखला रहे थे, वहीं मौलाना आजाद फाउण्डेशन का जोड़ करके, मॉयनोरिटी फाइनेंसियल कार्पोरेशन का जोड़ करके तथा सारा जोड़ करके आपने किया है। आप मॉयनोरिटी की आंख में धूल झोंकने का काम कर रहे हैं और मॉयनोरिटी के लोग इस बात को समझते हैं। सर, आखिरी बात कह करके मैं खत्म करना चाहता हूं। बिहार के साथ आप जो सौतेलापन कर रहे हैं, छः हजार करोड़ की सतरंगी योजना हम लोगों ने दी, आपने कहा कि बजट में हम कृषि पर ध्यान दे रहे हैं, छः हजार करोड़ की सतरंगी योजना में तिलहन, दलहन के लिए तथा दूसरे विकास के कार्यों के लिए हमारी सरकार ने बनाकर दी है, परन्तु आपने एक पैसा उसमें नहीं दिया। कोसी की त्रासदी में आप गए थे और कोसी की त्रासदी में हम लोगों ने चौदह हजार आठ सौ आठ करोड़ मांगा था, लेकिन आपने एक हजार करोड़ दिया। इसमें आप बाकी रकम क्यों नहीं देते हैं?

श्री उपसभापति : आप समाप्त कीजिए।

श्री अली अनवर अंसारी : वे उल्टे एक हजार करोड़ मांगने की बात करते हैं, यह किस तरह का आपका दो तरह का नजरिया है और सौतेला व्यवहार है? हम कहना चाहते हैं कि ये चाहे बुनकर हों, चाहे बिहार के लोग हैं

* Expunged as ordered by the Chair.

आपकी दया और मेहरबानी पर नहीं है। यह हम अपने अधिकार की बात कर रहे हैं, यह हमारा अधिकार बनता है। अगर आप नहीं देंगे तो डेमोक्रेसी में जो रास्ता हमारे पास है उस पर हम चलकर अपना अधिकार लेंगे।

SHRI RAJIV PRATAP RUDY : Sir, the voice of Bihar cannot be subdued.

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Now, Shri M.P. Achuthan. You have govt five minutes; not more than five minutes. ...*(Interruptions)*.

SHRI M.P. ACHUTHAN (Kerala): Mr. Deputy Chairman, Sir, since various aspects of the Budget have already been discussed by many Members, I will confine myself to three or four points because the time is very limited. Sir, this Budget lacks a realistic assessment of the economic situation in the country and sets feasible targets which are not attainable in the prevailing situation. Take the case of growth rate. The Finance Minister visualises 9 per cent growth rate this year. According to the IMF, the World Bank and the ADB, the growth rate will be below six per cent this year.

Sir, the Finance Minister really sets the targets by under-estimating the gravity of the global economic situation and its impact on our economy. The claim that stimulus packages are yielding results does not match with the situation in the industry or in the export sector. The-exports are going down. The downward trend in the manufacturing sector is continuing. All indicators suggest that this trend will continue. Why is that the stimulus packages have failed? Why does it not mitigate the sufferings of millions of workers adversely affected by the economic, slowdown? The reason of that is the lop-sided policy of the Government. There is over-emphasis on industry, that too, on the corporate sector. The beneficiaries of the stimulus packages and the concessions are industrialists. Last year, according to the Budget papers, Rs. 4,50,000 crores were given by way of concessions.

Sir, the Government has totally neglected the agricultural sector. Without achieving and sustaining, at least, 4 per cent growth rate in agriculture, we will not be able to achieve 8 or 9 per cent growth in the GDP. That is simple. For this, the Government must come forward with a stimulus package of, at least, Rs. 1,00,000 crores for the agricultural sector. It must be a comprehensive package, covering irrigation, seeds, fertilisers, remunerative price of agricultural products, State marketing, processing of agricultural products and everything connected with agriculture. Simply giving more credit to farmers will not help them. The Government is not ready to reduce the interest rates of agricultural loans. Without ensuring remunerative prices, cheap inputs and market facilities, the farmers will not be able to repay the loan. The net result will be pushing the farmers into the debt trap. A pragmatic and feasible solution was suggested by Swaminathan Commission, The Commission suggested giving agricultural loans at the rate of interest of four per cent. In this connection, I would like to bring to the notice of the Government the experience of Kerala. In Kerala, the cooperative sector, is giving the loans at the rate of four per cent to farmers. Moreover, paddy farmers are getting interest-free loan. The Kerala Government is procuring paddy at the rate of

Rs.11 per kg. What is the net result of all these steps? Now, the production and productivity of paddy in Kerala has increased substantially. So, the Government of India must take action to give loans to farmers at four per cent interest rate.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude.

SHRI M.P. ACHUTHAN: Yes, Sir. There is a change in the fertilizer policy. Subsidy on fertilizers is a welcome step. But, I fear that there is every possibility of fertilizer companies hiking the price of fertilizers they sell and corner the benefit of subsidy. So, the Government must ensure that the fertilizers are distributed at a fixed price and then only the farmers would get the benefit of fertilizer subsidy.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you, please conclude. You have exceeded your time, please conclude.

DR. E.M. SUDARSANA NATCHIAPPAN (Tamil Nadu): Thank you, Sir. Today is the 107th Birthday of Karmavir Kamrajar, who was one of the tallest leaders of socialist mind and who was the All India Congress Committee President. We are celebrating the 41st year of the nationalisation of banks also. Sir, this Budget is dealing with a situation of crossing a road where there is history of 60 years. In the first 20 years, Jawaharlal Nehru created the basic structure of India by mixed economy and the Nehruvian thought and the Gandhian thought were mixed with that and the public sector and the private sector were allowed to go hand in hand so that economy of India can be pioneered in the world. At that time people were afraid why there is a Planning Commission and why there is this system of mixed economy. Subsequently, when Madam Indira Gandhi nationalised the banks and the General insurance companies, the people were saying that these were unnecessary things and they should be given to the private sector. But subsequent to the elections in 1980, Indira Gandhi made first attempt to focus upon privatisation. Sir, Rajiv Gandhi, as youth leader, created an impetus for private sector to play an important role. Subsequently, Sir, the mixed economy system was adopted throughout the world. At one stage, the Communists pioneered the mixed economy in some parts of the world and the capitalist countries have also taken this up in other parts of the world. Now, the Trios – the three leaders or Trimurthis – Madam Sonia Gandhi, Dr. Manmohan Singh and Pranabji, have created a great system and made India as the topmost leader in every sector in the world. Sir, Pranabji has presented a full-fledged Budget after more than 24 years. The youthful days of his Budget were more socialistic. Sir, with your permission, I just want to quote his words from the Budget Speech. They are at page 7 of the Budget Speech. Sir, he says and I quote, "I must state clearly that the public sector enterprises such as banks and insurance companies will remain in public sector and will be given all support, including capital infusion, to grow and remain competitive." This is the core of this Budget. The American economy looks at India to take this example. During last days in office, Mr. Bush took the example of India and infused money from the Treasury of the US into banks and insurance companies which were in the private sector to make them alive. Now, they took a leaf out of the Nehruvian socialist thought that when private sector is suffering or when the private sector is not sailing properly then the Government has to give a helping hand. So, as a result of the help, the private companies in the US are coming out of the meltdown. Therefore, this is a good system. Now, the entire world is realising that mixed economy is only the panacea for economic ills. At this junction, this Budget is very, very important. It has focused on the middle-class, labour and, at the same time, it protects the interests of the private sector as well. Sir, one of our economists, while speaking here, indicated that the production in the manufacturing sector in 2006-07 was very low. It is true. At that time, all the money was given through the nationalised banks. And, all the profits earned by private sector and manufacturing sector were diverted to China. They started to become the traders, rather than manufacturers. They purchased

manufactured things from China and traded them with their own brand name in India. Therefore, we suffered. We could not manufacture much. Now, there is a spree to use all our money and purchase assets and companies in other countries. No doubt, the East India Company 'purchased' India once up on a time. But, now, we can say proudly that Indians are purchasing companies in France, UK, USA and other countries. At the same time, we have to focus on an important thing. The lands are very much needed for our country. Now, lands are sold to foreign companies. That has to be stopped and regulated. Lands should not be sold to any foreign companies. Therefore, I request the hon. Finance Minister to save the country from being sold to foreigners. We should not repeat the history of the British Colonialism. Thank you.

SHRI SHARAD ANANTRAO JOSHI (Maharashtra): Mr. Deputy Chairman, Sir, on the 6th of July when the Finance Minister got up to make his major speech, he was standing on the threshold of history. His hands were strengthened by the considerable mandate his Party had received in the recent Lok Sabha elections. On the other hand, he was facing the calamity of a global crisis. The third thing that did not find a mention in the discussion in this House was the global warming and the climate change. He got up on the 6th of July and the rains arrived in Mumbai on the 4th of July. If he had spoken two days earlier, I think, 20 per cent of the allocations made for the agriculture could have gone for the provision of irrigation or water facility because in the absence of sufficient water, the whole country would be in ruins. On that day, there was much discussion about the implications of the global crisis. What I would like to say is, Sir, that Mr. Finance Minister has said that his Budget is, actually, a roadmap for the five years to come. It is only history and the next elections which will decide whether he chose the right path. But on that day, given the importance of irrigation, as Dr. Swaminathan mentioned, that he has made provisions for irrigation, but there is so much water that can be available from the seas and from the clouds. What is important is to regulate the utilisation of water and for that purpose drip irrigation, sprinkler irrigation and the mist irrigation are the things these require considerable investment. A lot of water, with global warming, will get evaporated and, therefore, the under-the-sky agriculture will be in trouble and, therefore, massive investment will be required for covered agriculture. The Finance Minister has not made any provision for that. Sir, on the 6th of July, because of the delayed arrival of monsoon by one month, an unusual calamity arose. The NREGA employment was not available in the month of June because that is the month when the farmers normally need the labour. In the month of July when the rains came and the farmers wanted to do either the first sowing or the second sowing, they found that there were no labour at all. The NREGA is taking away labour from the normal agricultural operations because that is easy labour, which is getting money for signature while you have to do back-breaking work in agriculture. Sir, the President mentioned it and there is some reference in the Budget speech also about the need to carry out a thorough review, a transparent review of all the flagship schemes. I would suggest that

the Finance Minister should have proposed a comprehensive review of the working of the Debt-Relief and Loan-Waiver schemes also because in spite of the Government's claims, a number of farmers continue to commit suicides. Under these circumstances, it is necessary to know the reality. The Finance Minister has accepted a task force on the operation of money lending in Maharashtra. He has also offered one per cent interest reduction for those who make timely payment but it is necessary to find out how exactly the debt relief and loan waiver scheme was implemented on a computer basis. What was the advantage that farmers, actually, received. That kind of a study is extremely important. Sir, I would like to compliment the Finance Minister for a very major decision he took. I was working for that since a number of months. He has abolished the Commodity Transaction Tax for which I compliment him and congratulate him. I would only request that for too long a time, the Government has been perturbing the Futures Market. Abhijit Sen Committee gave a clean chit to Futures Market. And there was no reason for the Government to interfere in the Futures Market because that would create suspicion in the minds of farmers about the stability of the market. I would suggest the FM make sure that there are no further interventions without justification in the operations of Futures Market, so that this market will become a permanent feature in the Indian agriculture scenario.

Then, Sir, the next thing I would like to say is about the fertilizer subsidy. They have said that it would be made nutrient based. Yesterday, Shri Arun Shourie pointed out that this word had been used far too many times. What I didn't understand this time was that from the last year's figure of about Rs.1,00,000 crores, the figure of subsidy has been brought down by 50 per cent. If the Finance Minister does not know what are going to be the outline of the nutrient-based scheme, where the subsidy will be delivered directly to the farmers, what is this new calculation based on, I would like to know that. I would like to know that. Sir, then, on the concessional rate of interest given to the farmers, I would like to say that the Finance Minister, who was the Commerce Minister in 1986-89, under his own signatures admitted that the Indian farmers are suffering under negative subsidy. ...(**Time-Bell**)... He knows that the CACP does not provide for any kind of a profit margin in the calculation of Minimum Support Prices nor is there any calculation of the risk factor involved. Under these circumstances, forget 6 per cent, forget 7 per cent, .the farmers will not be able to pay even 4 per cent rate of interest. I would suggest that the Finance Minister should order a study into the profitability of agriculture whether it is possible for the farmers to pay even four per cent or six per cent. Let them recommend.

Sir, the last point that I would like to make – and that is going to be the crucial thing – is, it is said that from 6.7 per cent, we can go back to 9 per cent on the basis of a certain multiplier effect. I would like to submit that the aam admi or the inclusive approach is not going to help us in getting into the higher rates of growth. For one thing, as pointed out by a Hong Kong-based NGO, Indian

bureaucracy is a highly inefficient bureaucracy and is a highly corrupt bureaucracy. As pointed out by the Planning Commission, out of Rs.65 spent in from Delhi, not even one rupee reaches the other end. Further, Sir, the common man or the *aam admi* has a propensity for leisure. When his incomes increase, he goes more for leisure. And there is also a demographic effect of that kind of money going into the hands of *aam admi*. With this, Sir, I think, the money that goes into the hands of the so-called *aam admi* will not serve the purpose of inclusive growth. They will actually result in the lowering of the multiplier and therefore some of the calculations that he has made and the efficiency of the roadmap that the Finance Minister claims to have charted might come in doubt. Thank you, Sir.

श्री उपसभापति : श्री मंगल किसन। आपके पास पांच मिनट हैं।

श्री मंगल किसन (उड़ीसा) : डिप्टी चेयरमैन सर, फाइनांस मिनिस्टर ने पार्लियामेंट में 2009-10 का जो बजट रखा है, इसमें विशेषकर गरीब व आम जनता के लिए सिर्फ तीन या चार प्वाइंट ही रखे गए हैं। उनका पहला प्वाइंट है कि इस बजट के माध्यम से 1 करोड़ 20 लाख युवक-युवतियों को इम्प्लाइमेंट देने की व्यवस्था की गई है। दूसरा प्वाइंट है कि अभी भी एक-तिहाई पॉपुलेशन, जो बिलो पावर्टी लाइन, उसे वह 50% तक कम करेंगे और फिर इसे वह 2014 तक कंटीन्यू रखेंगे, यह उन्होंने अपने बजट भाषण में इंगित किया है। तीसरे प्वाइंट में उन्होंने एग्रीकल्चर सेक्टर में 4% ग्रोथ रेट को कंटीन्यू करने की बात रखी है। चौथे प्वाइंट में उन्होंने कहा कि देश में जितने भी बीपीएल कैटेगरी के परिवार हैं, उन्हें तीन रुपए प्रति किलो की दर से चावल प्राप्त होंगे।

मैं माननीय मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि यह जो 1 करोड़ 20 लाख इम्प्लाइमेंट क्रिएट करने की बात कही गई है, वह कैसे क्रिएट होंगी और फिर वह उनके लिए धन कहां से देंगे? इस बात को वह ठीक से अपने बजट अभिभाषण में नहीं रख पाए हैं। फिर दूसरी बात यह है कि वह 50% बीपीएल कैटेगरी को रेड्यूस कैसे करके रखेंगे? उसके लिए क्या उपाय किया जाएगा, यह भी उन्होंने नहीं बताया है। बजट अभिभाषण में जो कुछ लिखा गया है, वह सही में गरीब आदमी के काम आएगा या नहीं, यह मेरी कुछ समझ में नहीं आता।

आज आजादी के 62 साल बाद भी न गांव में बिजली है, न पीने के लिए पानी है, न गांवों तक पहुंचने के लिए सड़क है। आजादी के पहले गांव की जो हालत थी, अभी भी कमोवेश वही हालत है और सरकार सोच रही है कि 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक का बजट बना देने से वह आम जनता का भला कर देगी, यह संभव नहीं है। कैसे यह पैसा आम जनता के पास पहुंचेगा जब उसके इम्प्लिमेंटेशन के लिए, मोनिटरिंग के लिए कोई व्यवस्था नहीं है?

सर, हिन्दुस्तान का शैड्यूल्ड एरिया, जो फिफ्थ शेड्यूल में आता है, वहां न सिर्फ ट्राइबल्स और शेड्यूल्ड कास्ट रहते हैं बल्कि वहां अदर बैकवर्ड क्लास और अन्य कैटेगरी के लोग भी रहते हैं। आजादी के पहले शैड्यूल्ड एरियाज़ की एकोनॉमिकली, एजुकेशनली जो कंडीशन थी, जिस तरह पहले वह बैकवर्ड था, आज भी वहां पर ठीक वही कंडीशन है। लेकिन आज आजादी के 62 साल बाद भी हम लोग बोल रहे हैं कि देश की समस्याओं का समाधान हो गया है। This neglected population of the scheduled areas are now against the Government's policies. These people are afriad of the system. These people, who are dwelling in forests in the past, are now agitating against the injustice done to them by the Government. Sir, it is time that we included them into the system lest they feel cut off from the mainstream.

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Please, conclude.

SHRI MANGALA KISAN : Therefore, we must take utmost care of the scheduled areas, falling under the Fifth Schedule.

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Shrimati Alka Balram Kshatriya. You have six minutes.

प्रो. अलका क्षत्रिय (गुजरात) : धन्यवाद, उपसभापति महोदय। सर्वप्रथम तो मैं विश्वस्तरीय विषम परिस्थितियों में भी संतुलित और कल्याणकारी बजट देने के लिए माननीय वित्त मंत्री जी का धन्यवाद करती हूं और साथ ही प्रस्तुत बजट को अपना समर्थन देती हूं।

महोदय, भारत गांवों में बसता है। देश की 60% से 70% आबादी कृषि पर आधारित है और इस वजह से अगर गांव आबाद होता है, तो देश भी आबाद होता है। गांव खुशहाल होगा तो किसान खुशहाल होगा और किसान खुशहाल होगा तो देश खुशहाल होगा। इसी बात को मद्देनज़र रखते हुए तथा इसी बुनियादी सोच को ध्यान में रखते हुए पिछले पांच सालों में यू.पी.ए. की चेयर परसन श्रीमती सोनिया जी ने और हमारे आदरणीय प्रधान मंत्री, डॉ. मनमोहन सिंह जी ने कार्य किया है, जिससे कि शहरों में केन्द्रित इंडिया की तरफ झुकी हुई उदारीकरण की नीति की वजह से गांवों में केन्द्रित भारत को नुकसान न हो तथा वह कहीं पिछड़ न जाए। इसी को ध्यान में रखते हुए हमने पिछले 5 सालों में बजट प्रस्तुत किये हैं, जिसे इस देश की जनता ने भी सराहा है और पिछले चुनाव में हमारी सरकार को समर्थन भी दिया है। इसी से यह साबित हो जाता है कि इस सरकार की नीति गांवों के लोगों के प्रति और गरीब आदमी के प्रति समर्थित रही है।

महोदय, मैं यह बताना चाहती हूं कि यह बजट समाज के सभी वर्गों के लिए कल्याण्कारी है, चाहे वह अमीर हो या गरीब हो, मध्यम वर्ग हो या वह अति पिछड़ा हो। हमारे वित्त मंत्री ने इसे सब बातों को ध्यान में रखते हुए इस बजट में सभी वर्गों के लिए कुछ-न-कुछ दिया है। समय की मर्यादा को ध्यान में रखते हुए मैं उन सभी पहलुओं पर बात न करते हुए कुछ एक बातों की तरफ सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं।

महोदय, गांवों में बुनियादी सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए तथा उन्हें सुनिश्चित करने के लिए वित्त मंत्री जी ने जिन महत्वाकांक्षी योजनाओं पर अपना ध्यान केन्द्रित किया है, उनमें से एक सबसे पहली योजना है - "भारत निर्माण कार्यक्रम"। इन्होंने इसका विस्तार किया है। दूसरी यह है कि 50 फीसदी से ज्यादा अनुसूचित आबादी वाले गांवों में इन्होंने "आदर्श ग्राम योजना" लागू की है। यह एक बिल्कुल नई योजना है। "नरेगा" योजना का भी विस्तार और सुदृढ़ीकरण किया गया है। इसके साथ ही कृषि और कृषकों पर भी विशेष बल दिया है। मैं इनकी चर्चा करना चाहती हूं।

सबसे पहले मैं "भारत निर्माण कार्यक्रम" की ओर सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं। यह योजना यू.पी.ए. सरकार की बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका मूल उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच में जो दूरियां हैं, उनको खत्म कर के दोनों क्षेत्रों के बीच समानता को बढ़ावा देना है और इसके साथ-ही-साथ गरीब तथा अमीर के बीच की दूरी को पाटना भी है। इसी वजह से इस बजट में पिछले वित्तवर्ष की तुलना में भारत निर्माण के लिए 45 प्रतिशत से अधिक का आबंटन किया गया है। इसी योजना के अंतर्गत 'प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना' में 59 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की गई है, तो वहीं 'राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना' में 27 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की गई है। इतना ही नहीं, बल्कि 'इंदिरा आवास योजना' के लिए चालू वित्त वर्ष में 8 हजार 800 करोड़ रुपए का प्रावधान भी किया गया है।

सर, सभी जानते हैं तथा सभी की एक महत्वाकांक्षा होती है कि अपने सिर पर एक छत हो, अपना खुद का एक घर हो। इसी सपने को साकार करने के लिए माननीय वित्त मंत्री जी ने 'ग्रामीण आवास निधि' के अंतर्गत 2 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। जहां पर 50 फीसदी से अधिक आबादी अनुसूचित जाति की है, ऐसे 44 हजार गांवों के विकास के लिए एक नई योजना "प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना" है, जिसे शुरू करने की भी वित्त मंत्री जी ने घोषणा की है। इसका मैं स्वागत करती हूं। प्रायोगिक तौर पर यह योजना एक हजार गांवों में लागू होगी और इसके लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जिसका सीधा-सीधा लाभ ऐसे गांवों तथा वहां रहने वाले लोगों को मिलने वाला है।

महोदय, "राष्ट्रीय रोज़गार गारंटी कार्यक्रम" यू.पी.ए. सरकार की एक क्रांतिकारी योजना है। इसके लिए मैं विशेष रूप से एक बात कहना चाहती हूं कि पूरे देश के सभी अर्थशास्त्री इस बात पर सहमत हैं तथा उनका यह कहना है कि विश्व में अभी जो मंदी व्याप्त है, उस मंदी से अगर भारत की अर्थ व्यवस्था बची हुई है, तो इसका श्रेय राष्ट्रीय रोज़गार गारंटी कार्यक्रम को जाता है, जिसकी वजह से गांव में रहने वाला एक गरीब आदमी आज अपनी सामान्य जिंदगी जी रहा है। इसी के लिए उन्होंने इस बजट में 144 प्रतिशत की वृद्धि की है। इतना ही नहीं, इस योजना के तहत जो व्यक्ति काम करता है, उसे प्रति दिन सौ रुपए की रोज़गारी देने का वादा भी इस योजना में किया गया है ...(**समय की घंटी**)...

सर, मैं यह कहना चाहती हूं कि कृषि और कृषकों पर इसमें विशेष बल दिया गया है। इस बात को मद्देनज़र रखते हुए माननीय वित्त मंत्री जी ने 411 करोड़ रुपए का इजाफा किया है। इसके अलावा अगर कोई किसान 3 लाख रुपए तक का कर्ज लेना चाहता है, तो उसे यह 7 प्रतिशत ब्याज-दर पर दिया जाएगा तथा अगर वह उस ऋण की अदायगी निर्धारित समय पर कर देता है, तो उसे इसमें 1 परसेंट की छूट मिलती है और इस तरह उसे 6 प्रतिशत ब्याज-दर पर यह ऋण मिलेगा। यह बात किसानों के लिए बड़ी राहत की है। पिछले साल इन्होंने जो 40 लाख किसानों के लिए 71 हजार करोड़ रुपये की "ऋण-माफी योजना" जाहिर की थी, उससे 6 मास की वृद्धि की है तथा दो हेक्टेयर से ज्यादा जमीन जोतने वाले किसानों के लिए भी इन्होंने 6 मास की वृद्धि की है। साथ ही मैं एक बात और कहूंगी कि इन्होंने निजी साहूकारों के कर्ज से छुटकारा दिलाने के लिए भी एक विशेष कार्य-दल गठित करने की बात कही है। महोदय, मैं आखिरी दो बातें कहकर अपनी बात समाप्त करूंगी।

मैं सदन का ध्यान छोटे-छोटे सहकारी बैंकों की ओर आकर्षित करना चाहती हूं। महोदय, सभी जानते हैं कि छोटे सहकारी बैंक गांव में रहने वाले गरीब आदमी के लिए काफी मददगार साबित होते हैं। उनको पगभर होने में काफी मदद करते हैं। पिछले वित्त मंत्री जी ने इन सहकारी बैंकों को आयकर अधिनियम की धारा 80(पी) के तहत जो छूट दी जाती थी, वह छूट वापस ले ली और सहकारी बैंकों पर कर का बोझ डाल दिया है। मैं मानती हूं कि यह अनुचित है क्योंकि इस वजह से सहकारी आंदोलन कमजोर हो जाता है। इन बैंकों का उद्देश्य नशा करना नहीं है, लाभ कमाने का नहीं है और न ही ये commercial बैंकों से होड़ करती हैं। एक तरफ तो आप भारत निर्माण की बात करते हैं, गांव के विकास की बात करते हैं, दूसरी तरफ गांवों को आबाद करने के लिए किसानों व गरीबों की मदद करने वाले इन बैंकों पर हम कर का बोझ डाल रहे हैं, यह ठीक नहीं है। इसलिए मैं माननीय वित्त मंत्री जी से अनुरोध करती हूं कि जिस तरह से आपने fringe benefit tax हटाया है, और जिंस जैसी ऐतिहासिक कर प्रणाली को लागू करने से पहले ही आप ने हटा लिया, ऐसा ही कोई ऐतिहासिक निर्णय लेकर फिर से 80(पी) के अंतर्गत सहकारी बैंकों को छूट दी जानी चाहिए। इससे सहकारी बैंकों को लाभ होगा।

महोदय, आखिरी बात कहना चाहती हूं। हम जानते हैं कि भारत गांवों में बसता है, इसलिए कृषि क्षेत्र का विकास होना चाहिए तो क्या हम एक ऐतिहासिक निर्णय नहीं ले सकते कि जिस तरह से हम रेलवे के लिए अलग बजट प्रस्तुत करते हैं, उसी तरह से कृषि और कृषकों के विकास के लिए अलग बजट प्रस्तुत करने की बात हम कहीं से शुरू करें और किसानों के विकास की बात करें? इतना ही कहकर मैं अपनी बात समाप्त करती हूं, धन्यवाद।

SHRI KHEKIHO ZHIMOMI (Nagaland): Thank you very much, Sir. Before I go to the main speech, I would like to bring to the notice of this House that while the Budget itself is debatable, though I am a first comer in this august House, I have been silently observing, but with due apologies, this House, the Upper House, Rajya Sabha, should have been more disciplined. But I have observed that, and regret to say that State Assemblies are more disciplined than this august House. This is number one.

Secondly, as I said, Sir, the Budget itself is a debatable one. Even the family budget is debatable. The family budget is budgeted by the father and the mother; their daughters will bring some demand; their sons will bring other demand, the younger ones will bring yet another demand, and the elders will bring their own demand. So, it is very difficult to adjust their budget. But I do, really, with all the sincerity, appreciate the hon. Finance Minister and the Prime Minister for budgeting in favour of the common people, which I really commended and I wish them a successful journey in their mission towards national service.

Sir, I rise to participate in the discussion on the General Budget of 2009-10, presented by Shri Pranab Mukherjee, hon. Finance Minister, on July 6, 2009. Sir, at a glance the hon. Minister has displayed his exceptional skill in financial management by presenting a pro-people, pro-poor and balanced Budget, which could be considered as the magic key to unlock the economic crisis as it exists in the present context.

Sir, it is a matter of satisfaction to note that the current economic growth has been projected at 6.7 per cent, despite the global economic slow down that is sweeping the so-called developed countries the world over. This is, indeed, a commendable achievement. The hon. Finance Minister has laid considerable emphasis on the need to give maximum benefit to the rural areas, in general, and the farmers, in particular. However, I am afraid, no special programme worth the name finds a mention in the current Budget proposals aimed at improving the regional economic imbalances in the North-Eastern Region, particularly, the State of Nagaland to which I belong.

Again, Sir, we are on the stepping-stone of UPA-II's five-year tenure. It is imperative that a five year road map is drawn up to meet the fiscal deficit of Nagaland. The hon. Minister is aware that the tax base in the region is negligible and totally insufficient to boost the economic growth. Whatever funds provided from the Central pool are utilised to meet the monthly outflow on account of salaries

and pension and also for meeting the expenditure on debt liability. These are all of unproductive nature. As a result, hardly any developmental activity is possible and sustenance of growth remains a distant dream. Hence, a blueprint for sustained economic growth of the North-Eastern Region, in general, and the State of Nagaland, in particular, needs to be drawn up. Thereafter, ways and means to translate this plan into a reality must be found. For this purpose, I believe that sincere efforts on the part of the Central Government would make a lot of difference.

Sir, one way of putting Nagaland State into a better growth trajectory is to restore the pattern of financial assistance prevalent prior to 1987 when the funding was 100 per cent and not 90% : 10% as of today. Ours is almost a zero revenue State and, therefore, bringing a matching grant of 10 per cent from the revenue of the State is very difficult.

Sir, I would like to highlight in this regard that the annual Plan size of Rs. 1,500 crores to the State is too meagre and insufficient to meet the economic challenges of the State. This amount is too little when considered against the enormity of the agricultural, economic and other developmental needs of the State. Yet all the developmental activities depend on it. Another way of development is, by way of Centrally-sponsored projects, whose guidelines seem to be an instrument to deny the benefit of such projects.

Therefore, the Nagaland State has no option but to depend on whatever meagre funds available under the State Plan. Hence, I would like to appeal to the hon. Prime Minister and the hon. Finance Minister, to have a little more sympathetic and favourable consideration for the State of Nagaland. Efforts should also be made to restore the financing assistance pattern, which was prevalent prior to 1987.

Mr. Deputy Chairman, Sir, the 13th Finance Commission has recently visited the State of Nagaland. By the end of the current financial year, the Commission would be deciding the quantum of grants to be given to the State of Nagaland for the forthcoming five-year period from 2010-11 to 2014-15. The Chief Minister of Nagaland has taken certain positive initiatives and proactive measures by involving all the political parties in the discussions that took place with members of the Finance Commission. The Commission on its part has also expressed its appreciation over the initiatives taken by the State for communitisation of various public institutions and services in the State.

Sir, I would once again urge the hon. Prime Minister, the hon. Finance Minister, the Planning Commission, the 13th Finance Commission and hon. Members of this august House, including the hon. Deputy Chairman, to support my request for a greater financial assistance to Nagaland for meeting its developmental needs. Additional Central assistance is also absolutely necessary for meeting the expenditure required to implement the recommendations of the Sixth Central Pay Commission for the employees of the Nagaland Government.

Sir, with these words, I once again congratulate the hon. Finance Minister for the excellent job he has done in presenting the Budget which has been acclaimed by all. I support the Budget proposals and the House may pass the same. Thank you.

SHRI BHARATKUMAR RAUT (Maharashtra): Mr. Deputy Chairman, Sir, I am afraid I cannot subscribe to the feelings of support that my predecessor speaker has expressed because the budgetary provisions that have been made by the hon. Finance Minister are far from my level of satisfaction. The people of India have, once again, brought back this Party, a group of parties, to power. Therefore, I was expecting much better and much fruitful budget than what has been presented.

I am deeply pained by the way the Government has indulged in cheap populism in the matter of tax concessions. We are a country, which believes in the rule of law and any commitment, made by the Government, is honoured. My pain is that the Government is prone to making pronouncements in every budget only to discover. A few years later, it does not have the resources or inclination to honour what they have spoken on the floor of the House. This is a very, very pathetic situation. A lot has been said before, therefore, I will not go into everything. I would only like to highlight two issues. One is the issue of' urban poor and the second issue is, many States, particularly Maharashtra and Gujarat, have been deprived of natural resources like oil.

Firstly, I will talk about the second issue. In Maharashtra and Gujarat, there are many natural resources. There are deposits of coal. There are deposits of oil. What we need to do is, we need to put in money to explore the natural resources. In Vidarbha, we have a lot of coalmines. On the coastlines, especially, in Maharashtra and Gujarat, we have oil resources. When we keep saying that we need to import oil from outside, and, therefore, our prices keep going up, it is but natural that the Government should give top priority to exploration of these natural resources within our country. And, if we do that, in the next five years, I am sure that we can be very close to self-reliance as far as these things are concerned. The next point is the issue of urban poor. We have been talking about rural poor. In my State, every day, there are at least four cases of suicides of farmers. These people end their lives because of heavy debt that they face. The Government is, at least, saying that it is doing something. My question to you is: What do we do for the urban poor? I come from Mumbai, the biggest metropolis in our country. In my city, you will not believe, every day, there are five cases of suicides. In most cases, they end their lives because of poverty. Nobody is bothered about this. Who are these people? These people are poor workers, jobless youth, frustrated youth and women. The plight of the women is that they do not get money from their husbands to cook for the next morning, and she has nothing. Sir, my city has elected all six MPs from Congress (I) and the NCP. What are we doing to ensure that the urban poor, poor youth, who has come to Mumbai from somewhere else, from rural areas of the country, get their bread and butter every evening and every morning? We keep on saying that there is a global meltdown and, therefore, there is no job, But, in that situation, it is the responsibility of the Government to ensure that all those who want to work,

and those who need work, are given some work. If they are not given work, then, it means that you are putting him into debts. And, we have no authority to do this. People are looking at the Government with a great expectation that if not shelter, if not water, if not sanitation, if not education, it would, at least, ensure a meal for their families. On the other hand, on the outskirts of their slums, when these slum dwellers see huge towers coming up, and their children are wasting money and going to five-star hotels, but these poor men do not have even a piece of bread for the evening, what do you think? I think, if we are talking of socialism, if we are talking of equality, then, it is our duty to bring them on par, and that is the least thing that the Government can do.

One point more I would raise, and, then, I will conclude. This pertains to green houses. Many people may not be knowing that Maharashtra develops maximum number of green houses. Green house is a new technology that allows farmers to grow vegetables, to do horticulture, in any given environment, whether you have a good soil or a bad soil, good rains or bad rains; even then, you can cultivate horticulture and floriculture. And, we have a good market for this business even outside India. These green house makers have been put to unnecessary taxes, like, service tax, excise duty, and so on. My suggestion to you is, please look at this business as a potential tool to get extra foreign exchange and work to rural poor, half-skilled people and also, the use of barren land. We have huge barren land across the country. If these types of Green Houses are developed, the whole scenario can change. I can tell you that we have the demand; we have the demand from the Gulf; we have the demand from America. The flowers which are cultivated in these Green Houses, are exported all over the world, from Australia to America. So, my suggestion to you is that you should look at it from a longer-term perspective and you should stop levying taxes on them and treat them as agriculture. For agriculture, we have this tax umbrella; the same should be applicable to the Green House cultivation also. I think that will help improve rural employment.

SHRI GIREESH KUMAR SANGHI (Andhra Pradesh): Thank you, Mr. Deputy Chairman, Sir. I request you to kindly allow me ten minutes time to speak. As it is, we on these large Benches have very rare opportunity to speak.

First, let me support and congratulate our hon. Finance Minister, Shri Pranab Mukherjee, for having presented this Budget. Sir, when I think about his capabilities, ग़ालिब का एक शेर मुझे याद आया है-

"मुश्किलें मुझ पर पड़ीं इतनी कि आसान हो गईं।"

मैं समझता हूं कि ग़ालिब ने यह बिल्कुल appropriately प्रणब दा के लिए ही लिखा है। इनके सामने जो भी चैलेंज आता है, उसे वे इतनी सरलता से, इतनी सहज-बूझ से और इतने अच्छे तरीके से कर लेते हैं कि सब लोग देख-देखकर परेशान होते हैं कि इतने बड़े-बड़े चैलेंज वे किस तरह से ले पाते हैं? हमारे अपोज़िशन के कई ...(**व्यवधान**)...

डा. (श्रीमती) नजमा ए. हेपतुल्ला : सर, शेर तो उन्होंने सुनाया नहीं!

श्री उपसभापति : सुनाया है उन्होंने। ...(**व्यवधान**)...

श्री रवि शंकर प्रसाद : पूरा शेर पढ़िए।

श्री गिरीश कुमार सांगी : पूरा ही है, आप उसे समझ लीजिए। ...(**व्यवधान**)...

सर, हमारे अपोज़िशन के कई दिग्गज नेताओं ने अपने-अपने भाषण में कई बातें कहीं और टिप्पणियां भी कीं। मैं एक छोटा सा आंकड़ा आपको बताना चाहूंगा। उन्होंने जितनी भी टिप्पणियां की हैं, यह आंकड़ा उसको पूरा नकारता है। सर, 2000-01 में जो बजट इन्होंने पेश किया था, वह 3,38,000 करोड़ का था और इनका 2003-04 का बजट 4,38,000 करोड़ का था। तो इनके कार्यकाल में बजट की जो वृद्धि हुई, वह करीब 1 लाख करोड़ की। 2004-05 में जो यू.पी.ए. सरकार आई, उन्होंने जो बजट पेश किया, वह 4,77,000 करोड़ का था और अब जो बजट पेश किया गया है, वह 10,20,000 करोड़ का है। तो इसमें जो वृद्धि हुई है, वह डबल से ज्यादा हुई है। उनके कार्यकाल के दौरान करीब 1 लाख करोड़ की वृद्धि हुई और यू.पी.ए. सरकार की रिजीम में करीब 5 लाख करोड़ से ज्यादा की वृद्धि हुई है। यही वह आंकड़ा उनके हर क्लेम को नकारता है।

श्री विक्रम वर्मा (मध्य प्रदेश) : जितना हमारा बजट था, उतना इनका घाटा है। यह क्यों नहीं बताते?

श्री गिरीश कुमार सांगी : ठीक है। आप ऐसे ही बोलते रहिए, हम ऐसे ही सरकार चलाते रहेंगे। सर, सबसे पहले मेरी जो स्टेट है, आंध्र प्रदेश, वहां के बारे में कुछ बातें बताना चाहूंगा और आपके माध्यम से ऑनरेबल फाइनेंस मिनिस्टर की दृष्टि में कुछ बातें लाना चाहूंगा। हमारे जो नेता हैं, चीफ मिनिस्टर, श्री राजशेखर रेड्डी जी, उन्होंने बड़े gigantic projects इरीगेशन में दिए हैं। मैं चाहूंगा कि बजट में इरीगेशन के लिए ज्यादा से ज्यादा प्रावधान रखा जाए। खास कर आंध्र प्रदेश में जो मेजर प्रोजेक्ट्स इरीगेशन के लिए गए हैं, जिनके तहत करीब पचास लाख एकड़ और नई जमीन सिंचाई में लाने का पूरा हमारा प्लान है। काफी ऐडवांस स्टेज में ये प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं। मैं चाहूंगा कि सेंट्रल गवर्नमेंट इन प्रोजेक्ट्स को नैशनल प्रोजेक्ट्स के तहत लेकर उसका पूरा खर्चा सेंट्रल गवर्नमेंट ही उठाए तो ज्यादा अच्छा रहेगा। एक और बहुत अच्छा प्रोग्राम अभी recently हमारे मुख्य मंत्री जी ने लिया है, वह drinking water का है। यह बड़ा unique प्रोग्राम है। मैं आपके माध्यम से पूरे सदन को बताना चाहूंगा। आज आप और हम सब लोग देखते हैं कि सब लोग पीने के लिए pure drinking water चाहते हैं, स्वच्द मिनरल वाटर चाहते हैं जो मार्किट में बहुत महंगा मिलता है। हमारी सरकार ने यह योजना बनाई है कि हर घर में, हर गांव में एक मिनिरल वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाया जाएगा और दो रुपए में बीस लीटर pure drinking water, mineral water, purified water उपलब्ध कराया जाएगा। यह बहुत बड़ी योजना है। इसके लिए भी मैं चाहूंगा कि हमारी केन्द्र सरकार मदद करे, उसकी सराहना करे, उसको encourage करे। सर, हम सब यहां पर आते हैं, बातचीत करते हैं और हम सबका एक कॉमन कंसर्न है कि हमारा देश कैसे आगे बढ़े। हमारा देश कैसे उन्नति करे, हमारा देश कैसे तरक्की करे, हमारे देश से गरीबी कैसे हटे। आज हम देखते हैं कि दस लाख से अधिक का बजट पेश किया गया। लेकिन जब हम गांव में जाकर देखते हैं तो पाते हैं कि गरीबी जहां की तहां रहती है, भुखमरी जहां की तहां रहती है, बेरोज़गारी जहां की तहां रहती है। यह जो बजट और लेजीस्लेशन पास होता है और जो डिलीवरी सिस्टम है, जो वास्तविकता ग्राउंड पर होती है, उसमें जो मिसमैच है, उसकी वजह क्या है। जब तक हम सब मिलकर इसकी खोज नहीं करेंगे,

इसके बारे में नहीं जानेंगे कि कहां पर loophole है, कहां पर ग्रे एरिया है, कहां पर लीकेज है, डिलीवरी सिस्टम कहां पर खराब है, जब तक हम उस डिलीवरी सिस्टम को ठीक नहीं करेंगे, तब तक चाहे कितने ही बजट हम पेश कर लें, चाहे कितनी बात कर लें, चाहे कितना टैक्स हमारे लोगों पर ...(समय **की घंटी**)... सर, मैं दस मिनट चाहूंगा। जो मेरा अनुभव है, उसके तहत मैंने जो देखा और समझा है, वह यह है कि the office should seek the man, not the man the office. अकसर यह देखा जाता है कि जो अफसर होता है, वह ऑफिस सीक करता है, वह अपनी इच्छानुसार, अपने सलेक्शन के अनुसार, अपनी जरूरत के अनुसार अपना ऑफिस सलेक्ट करता है, उसकी पैरवी करता है और पैरवी करके उस ऑफिस में पहुंच जाता है। सर, जो ऑफिस होता है, उसके लिए जो एक सक्षम आदमी चाहिए, उसकी खोज होनी चाहिए, इस हिसाब से उस ऑफिस में उस तरह का आदमी हम बिठाएंगे, उस तरह का अगर कर्मचारी बिठांएगे जो सच्ची निष्ठा से काम करेगा तो मैं समझता हूं कि हमारा डिलवरी सिस्टम काफी इम्प्रूव हो सकता है। और एक बात पंचायत राज के संबंध में कहना चाहता हूं क्योंकि हमारा देश गांवों में बसा हुआ है। पंचायत राज में जो devolution of power है जो राजीव गांधी जी का बहुत बड़ा सपना था, वह devolution of power का सपना अभी तक पूरा नहीं हो रहा है। तो मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि डिवोल्यूशन ऑफ पॉवर्स ज्यादा से ज्यादा हो और गांवों में वे अपना जो निर्णय लेना चाहेंगे, अपना निर्णय खुद लें। एक बात और है सर ...(**समय की घंटी**)... दो मिनट और, सर।

श्री उपसभापति : दो मिनट करते-करते आपके आठ-नौ मिनट हो गए। आपकी पार्टी का अभी 20 मिनट बाकी है तथा चार लोग बोलने वाले हैं।

श्री गिरीश कुमार सांगी : जब तक हम वेल्यू एडीशन नहीं करेंगे, हमारे देश के जो यूथ हैं, यंग हैं उनको अगर हम आगे नहीं बढ़ाएंगे, उनको प्रोत्साहन नहीं देंगे, तो हमारा देश कभी आगे नहीं बढ़ सकता। तो मैं चाहूंगा कि वित्त मंत्री जी वेल्यू एडीशन के लिए नए-नए इंसेंटिव बढ़ाएं, इंडस्ट्रीज को आगे बढ़ाने के लिए नए-नए इंसेंटिव बढ़ाएं तथा सपोर्ट में जो हमारा शॉर्ट फॉल हो रहा है, एक्सपोर्ट के लिए क्या प्रोत्साहन देंगे, उसके लिए क्या नई स्कीमें निकालेंगे, उसके बारे में बताएं? इसके अलावा और भी बहुत सारी चीजें हैं, लेकिन मैं एक लास्ट पोइंट बोलूंगा। सर, वह है सोशल सिक्योरिटी टू ट्रेड एंड बिजनेस। आज हमारे यहां लाखों-करोड़ों दुकानदार हैं, उनके लिए कोई प्रावधान नहीं है, उनके लिए न कोई फंड है, न ग्रेच्युएटी है, न प्रोविडेंट फंड है। जो मेहनत करता है, अपनी कमाई करता है तथा सरकार को टैक्स पे करता है और वह जो टैक्स जमा करता है उसका कोई भुगतान उसको नहीं मिलता है। इसके लिए मैं चाहूंगा कि सरकार ऐसी नीति लाए, जिसमें जो भी टैक्स पेयर है उसके लिए कोई फंड क्रिएट किया जाए तथा उसके सोशल सिक्योरिटी के लिए कोई प्रावधान किया जाए। धन्यवाद।

श्रीमती विप्लव ठाकुर (हिमाचल प्रदेश) : उपसभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे समय दिया। यहां मैं इस बजट का समर्थन करने के लिए खड़ी हुई हूं, क्योंकि यह बजट एक डवलपमेंट ऑरिएंटेड है, चाहें मि. नायडु की नज़रों में नहीं था, लेकिन यह बहुत ही अच्छा बजट पेश किया गया है जिसमें गरीबी उन्मूलन के लिए तथा जो और सबसे बड़ी बात है, जो इतने सालों से एक समस्या, एक मांग चली आ रही थी, हमारे जो फौजी भाई हैं, उनकी एक मांग थी कि हमें एक रेंक और एक पेंशन मिलनी चाहिए, इस बजट में इसका प्रावधान करके, मैं कहूंगी कि वित्त मंत्री जी ने उन लोगों का, उन फौजियों का ध्यान रखा है जो हमारी सीमाओं पर लड़ते हैं और हमारे देश की रक्षा करते हैं, इसलिए मैं माननीय वित्त मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं। इसमें उन्होंने

यह बात भी क्लिअर की है कि इसमें सिर्फ रैंक ही नहीं इसमें ऑफिसर्स भी हैं जिससे हमारे फौजियों को एक बहुत बड़ा उत्साह मिला है, क्योंकि लोग फौज में जाने से घबरा रहे थे, नहीं जाते थे तथा इससे पीछे हट रहे थे, इससे उनको एक प्रेरणा मिलेगी। हमारे यहां के लोग खास करके हिमाचल, उत्तराखंड, पंजाब और राजस्थान आदि के लोग फौज में जाते हैं, यह उनके लिए बहुत बड़ी देन है, जिसके लिए मैं उनका धन्यवाद करूंगी। यह बजट सभी वर्गों के लिए है चाहे महिलाएं हों, चाहे हमारे सीनियर सिटीजंस हैं, चाहे आप शिक्षा में ले लीजिए, अल्पसंख्यकों की बात ले लीजिए और सबसे बढ़िया किसानों के लिए है। हम कहते तो जरूर हैं हमारी 60 परसेंट से ज्यादा आबादी गांवों में रहती है, इसकी हम बहुत चर्चा भी करते हैं, लेकिन पहली बार यू.पी.ए. सरकार ने श्रीमती सोनिया गांधी जी ने, डा. मनमोहन सिंह जी ने उस किसान के लिए सोचा है कि जो दिन-रात मेहनत करता है, जो धूप में तपता है, उसके बारे में आज तक कोई नहीं सोचता था, उन्होंने यह सोचकर चाहे उसका कर्जा माफ किया या इंफ्रास्ट्रक्चर की बात हो और जिस तरह से स्वामीनाथन जी ने कहा कि इरिगेशन की बात रखी गई है, जो कि बहुत जरूरी है। इसके लिए मैं उनका धन्यवाद करती हूं।

जहां तक नरेगा की बात है, मैं इतना ही कहना चाहती हूं कि नरेगा का बजट बहुत बढ़ा दिया है। उपसभापति महोदय, जब तक इसकी समीक्षा नहीं होगी, जब तक इसके बारे में सही तरह से इसकी मॉनिटरिंग नहीं होगी तथा यह नहीं देखा जाएगा कि यह पैसा गांवों में लोगों को मिल भी रहा है, उनके पास पहुंच भी रहा है या कुछ लोगों के हाथों में ही रह रहा है, क्योंकि मैं माननीय वित्त मंत्री जी के ध्यान में लाना चाहती हूं कि पहले नरेगा का पैसा जिलों में डायरेक्ट जाता था, लेकिन पिछली बार कुछ ऐसा किया गया कि यह राज्यों को दिया जा रहा है। यह राज्यों को नहीं दिया जाना चाहिए, सीधे जिलों में जाना चाहिए, जिससे वहां की प्लानिंग बन सके। अभी राजस्थान और मध्य प्रदेश को उनके एकाउंट खोल करके स्टेट फंड में दिया गया है, जो ठीक नहीं है। इसकी समीक्षा जरूर होनी चाहिए। केवल पैसा देने, sanction करने से बात नहीं बनती है, उस पैसे को किस तरह से खर्च किया गया है, उस पैसे का किस तरह से सदुपयोग किया गया है, यह भी देखना बहुत जरूरी है। मैं वित्त मंत्री जी से कहूंगी कि यूएनडीपी के लोगों को समीक्षा के लिए लगाया गया है, जो ठीक नहीं है। हमारे पास लायक लोग हैं, हमारे पास योग्य लोग हैं, हमारे पास ऐसी एजेंसीज़ हैं, जो इसकी समीक्षा कर सकती हैं। Implementation बहुत जरूरी है। हमने सब कुछ दे दिया है, हर वर्ग को दे दिया है, लेकिन जब तक implementation नहीं ठीक होगा, फिर वही बात आएगी। राजीव जी ने कहा था कि 15 पैसे पहुंचते हैं और आज हम कह रहे हैं कि 8 पैसे पहुंचते हैं। जब तक इसका implementation ठीक नहीं होगा, जितने हमारे प्रोग्राम्स हैं, वे वहीं के वहीं रह जाएंगे।

दूसरी बात मैं कहना चाहती हूं कि हमने सब कुछ कर दिया। हमने food security दी, हम right to education दे रहे हैं, लेकिन जब तक हम population को control में नहीं लाएंगे, तब तक कोई फायदा नहीं होगा। बड़ा अच्छा हुआ, कल-परसों ही stabilize नाम दिया गया है कि population stabilize होनी चाहिए। इसी नाम से जब तक हम population को control नहीं करेंगे, हमारी जितनी स्कीमें हैं, वे वहीं की वहीं रह जाएंगी और यही होगा कि तरक्की नहीं हुई।

मैं एक और बात कहना चाहती हूं, मैं ज्यादा समय नहीं लूंगी । आप घड़ी की तरफ देख रहे हैं, मैं इसका मौका नहीं दूंगी। मैं सिर्फ इतना ही कहना चाहती हूं कि हम लोग कहते थे कि 2008 में inflation 12 परसेंट से ऊपर चला

गया था, कीमतें बढ़ गई थीं, आज हम inflation .0 कुछ कह रहे हैं, लेकिन कीमतों में फर्क नहीं पड़ा, विशेष कर जो खाने-पीने की चीजें हैं, चाहे सब्जियां हैं या दालें हैं। मैं वित्त मंत्री जी से यह कहूंगी कि यह जो रिटेल है, चाहे वह इनकी मिनिस्ट्री के अन्दर नहीं है, लेकिन फिर भी वे इस पर गौर करें। गरीब को तब तक नहीं लगेगा कि सरकार कुछ कर रही है, जब तक कीमतें कम नहीं होगी। इसलिए इस पर भी कुछ ध्यान दिया जाए। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपना भाषण समाप्त करती हूं। धन्यवाद।

————————

RE: MALFUNCTIONING IN LIFT OF PARLIAMENT

SHRI M. VENKAIAH NAIDU (Karnataka): Sir, I have a point to make. Sir, I was in my room and while coming back by lift I was very much worried. I request the Chair to call the Minister of Parliamentary Affairs to ask him to make a statement to the entire House on what has happened. ...*(Interruptions)*... All the TV channels are showing it. ...*(Interruptions)*... It is a very serious matter. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I was about to make an announcement and you got up. Eight persons were trapped in the lift. They are all rescued and they are safe. It took one or one-and-a-half hour. ...*(Interruptions)*...

SOME HON. MEMBERS: Two hours, Sir. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: According to our information, it is about one to one-and-a-half hour. ...*(Interruptions)*...

SHRI S.S. AHLUWALIA (Jharkhand): I raised that issue, Sir. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I also visited there. So, I just wanted to inform you about it, ...*(Interruptions)*...

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: I am not criticising, Sir, what has happened has happened. If you just go from here to 1st Floor or 3rd Floor by a lift, these lifts are before BC. ...*(Interruptions)*... it is not to criticise anybody. ...*(Interruptions)*... It is not a political issue. ...*(Interruptions)*... Sir, for example, if any person who has got phobia and he is there, he would have gone. One of the persons, I don't know whether the hon. Chair got the information, was to be put on oxygen. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Oxygen was regularly supplied. ...*(Interruptions)*...

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: My only request is, because we have now an important thing, there has to be total replacement of these lifts and then there should be open lifts with oxygen coming inside. ...*(Interruptions)*... It is a serious matter. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It is not only lifts, there are certain things, which are being looked into, and discussions are going on. ...*(Interruptions)*..

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: My suggestion to the Chair is that rather than Chair taking the responsibility, it is the duty of the Parliamentary Affairs Minister or the CPWD or the Urban Affairs Ministry or whoever is looking after it, they should seriously look into this matter. ...*(Interruptions)*...